
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 315 | ग्वालियर , 08 सितम्बर शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### 68 साल के बुजुर्ग ने की दरिंदगी की सारी हदें पार, 5वीं की छात्रा से करता रहा 1 माह तक रेप



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आ रही है. जहां एक 68 साल बुजुर्ग 5वीं क्लास की बच्ची से एक माह तक बलात्कार करता रहा. यही नहीं बच्ची को न बताने की धमकी भी देता रहा. जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग बच्ची के साथ बलात्कार करने के बाद उसे 10 रुपए देता था. ताकि बच्ची रोना बंद कर दे. फिलहाल पुलिस ने मामले को वर्कआउट कर दिया है. साथ ही आरोपी बुढ़े को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है. साथ ही बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची ने एक माह बाद अपने साथ ही सारी घटना के बारे में मां को बताया. पीड़िता की भयावह घटना सुनने का बाद मां के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई. मां ने पुलिस से मिलकर शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. जिसके बाद पुलिस हरकत में आई. साथ ही आरोपी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया. बच्ची के मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी के खिलाफ संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया. साथ ही आरोपी के खिलाफ जेल भेजने की कार्रवाई की गई. फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है. घटना का खुलासा बुधवार को किया गया. पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. साथ ही कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है. पीटीआई ने पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि, 'मां की शिकायत और पीड़िता की गवाही के आधार पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

### उदयनिधि के बाद अब ए.राजा के विवादित बोल



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बाद अब डीएमके सांसद ए राजा ने सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है. डीएमके सांसद ए राजा ने सनातन धर्म को एचआईवी कहकर संबोधित किया है. इसे लेकर विवाद बढ़ रहा है. ए राजा यहीं नहीं रुके उन्होंने सनातन धर्म के मसले पर सीधे गृह मंत्री अमित शाह से बहस करने की चुनौती दे डाली. ए राजा ने बुधवार को इस पूरे विवाद पर कहा कि उदयनिधि ने जो भी बोला है, वह काफी कम है. उन्होंने सनातन को सिर्फ मलेरिया और डेंगू ही कहा है, लेकिन इसे परिभाषित करना है तो आप एचआईवी को देखिए. समाज में सनातन ऐसा ही काम करता है. डीएमके सांसद ने इस दौरान पीएम मोदी पर भी हमला बोला. उन्होंने कहा कि पीएम को भी सनातन धर्म का पालन करना चाहिए. विदेशी दौरों पर नहीं जाना चाहिए. उन्होंने पीएम और अमित शाह को चुनौती दी कि वे मुझसे सनातन धर्म पर बहस कर लें. दिल्ली में एक करोड़ लोगों को बुलाएं, शंकराचार्य को बैठाया जाए. ए राजा के बयान को लेकर भाजपा की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है. भाजपा नेता अमित मालवीय ने लिखा कि उदयनिधि के बाद ए राजा सनातन धर्म को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं. ये देश की 80 फीसदी जनता पर निशाना साध रहे हैं, जो सनातन धर्म का पालन कर रही है. कांग्रेस की अगुवाई वाली गठबंधन की यही हकीकत है. ये सोचते हैं कि हिन्दुओं को नीचा दिखाकर चुनाव जीते जा सकते हैं. आपको बता दें कि ये विवाद उदयनिधि स्टालिन के बयान के बाद आरंभ हुआ था. बीते दिनों उदयनिधि ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सनातन धर्म में सुधार नहीं बल्कि उसे खत्म करने की बात कही. उदयनिधि ने कहा, ये धर्म एक बीमारी की तरह है. जिस तरह से समाज में डेंगू और मलेरिया है. उदयनिधि के इस बयान के बाद देश में सनातन धर्म को लेकर विवाद बढ़ रहा है.

### कांग्रेस ने 30 सीटों पर सिंगल नाम किया तय

**रायपुर।** देश के पांच राज्यों में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है. हम आज छत्तीसगढ़ की बात करेंगे, जहां इस वक्त कांग्रेस की सरकार है और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री हैं. सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों में से 30 सीटों पर सिंगल नाम तय कर लिया है. सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 30 सीटों पर उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार कर ली है. एक सीट पर एक ही उम्मीदवार को रखा गया है. प्रत्याशियों की इस लिस्ट में मुख्यमंत्री, सभी मंत्रियों, स्पीकर, और डिप्टी स्पीकर के नाम शामिल हैं. साथ ही कई वरिष्ठ विधायकों के भी सिंगल नाम तय किए गए हैं. पहली बार चुनकर आए कई विधायकों के नाम भी सिंगल हैं. स्क्रीनिंग कमेटी 8 सितंबर को उम्मीदवारों के नामों पर फैसला करेगी.

## मध्य प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए समिति बनेगी: शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए समिति बनेगी, यह ऐलान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार समागम में किया। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित पत्रकार समागम में मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए वरिष्ठ पत्रकारों की समिति गठित कर प्राप्त सुझावों पर राज्य शासन द्वारा अमल किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि भोपाल के मालवीय नगर में पत्रकार भवन की भूमि वर्तमान में अनुपयोगी है। सभी की इच्छा है कि यहां नया भवन बने। इसे नया स्वरूप दिया जाएगा। नया भवन निर्मित किया जाएगा।

नवनिर्मित भवन के साथ ही इसे स्टेट मीडिया सेंटर का दर्जा रहेगा। इसमें सभागार, पुस्तकालय, कैंटीन, सामान्य कक्ष सहित अन्य सुविधाएं होंगी। सेंटर में आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने पत्रकारों के हित में कई घोषणाएं करते हुए कहा, राजधानी के बाद अन्य नगरों में आज की आवश्यकता के अनुसार पत्रकारों की सोसायटी को भूमि प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए





विधिवत कदम उठाए जाएंगे। इससे पत्रकार बंधुओं को अपना मकान बनाने के लिए व्यवस्था आसान होगी। उन्होंने पत्रकारों की बीमा योजना का जिक्र करते हुए कहा बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम राशि में 27 प्रतिशत वृद्धि की गई थी। बढ़ी हुई राशि पत्रकारों को नहीं भरना होगा। राज्य सरकार बढ़ी हुई राशि वहन करेगी। 65 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ पत्रकारों को बीमा के लिए प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा भरा जाएगा। पत्रकारों के जीवनसाथी (पति व पत्नी) की बीमा का प्रीमियम भी राज्य सरकार भरेगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, मध्य प्रदेश के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पत्रकारों की मासिक सम्मान निधि की राशि 10 हजार के स्थान पर 20 हजार रूपए होगी। सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार के अवसान की स्थिति में परिवार को 8 लाख रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋष्टा ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत अधिकतम ऋष्टा की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रूपए की जाएगी। अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के बेटे-बेटियों की शिक्षा के लिए बैंक से ऋष्टा पर उसके ब्याज पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान पांच वर्ष के लिए राज्य सरकार वहन करेगी।

## स्विगी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज राठी ने भी दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी में वरिष्ठ स्तर के लोगों के जाने का सिलसिला जारी है। ताजा घटना में अनुज राठी, जो राजस्व और विकास के वरिष्ठ उपाध्यक्ष थे, ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने सात साल की महत्वपूर्ण यात्रा के बाद कंपनी छोड़ दी है। उन्होंने पोस्ट किया, जब मैंने यहां शुरुआत की थी, स्विगी महज दो साल पुराना स्टार्टअप था - कुछ शहरों में काम कर रहा था और उसका विकास का ग्राफ हॉकी-स्टिक की तरह था। हर महीना और हर साल मेरे लिए एक नई चुनौती और सीखने का एक नया अवसर रहा है - पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर। इससे पहले मई में उपाध्यक्ष और ब्रांड एवं उत्पाद विपणन के प्रमुख आशीष लिंगमनेनी; और इंस्?टामार्ट के राजस्व एवं विकास प्रमुख तथा उपाध्यक्ष निशाद केनक्रे ने भी स्विगी छोड़ दी। अप्रैल में, ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ने पुष्टि की कि उसके मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी डेल वाज़ ने स्विगी छोड़ दी थी और उनकी जगह मधुसूदन राव को सीटीओ बनाया गया था। उसी महीने, स्विगी इंस्टामार्ट के वरि?ठ उपाध्यक्ष कार्तिक गुरुमूर्ति ने भी कंपनी छोड़ दी थी।

## झारखंड के कुजू में भैंसे से टकराई पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस, अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त

**रांची।** पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस गुरुवार को झारखंड में रामगढ़ जिले के कुजू के पास एक भैंसे से टकरा गई। इससे ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। भैंसा ट्रेन के पहिए में फंस गया। इस हादसे की वजह से ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक कुजू स्टेशन के पास खड़ी रही। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वह मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत आता है। बताया गया कि पटना से रांची आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन सं-22349) ने जैसे ही कुजू स्टेशन पार किया, पोल संख्या 123/ए के समीप एक भैंसा रेलवे ट्रैक पर आ गया। इस वजह से ट्रेन रोक देनी पड़ी। घटना के बाद ट्रेन लगभग डेढ़ घंटे खड़ी रही। इस बीच मरम्मत के बाद इसे गंतव्य के लिए रवाना किया गया। ट्रेन डेढ़ घंटे लेट से दिन के 1 बजकर 8 मिनट पर बरकाकाना स्टेशन पहुंची। यहां आवश्यक जांच के बाद ट्रेन 01.22 बजे बरकाकाना से रांची के लिए रवाना हुई। बता दें कि रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रायल के दौरान भी कम से कम दो बार मवेशियों से टकराई थी।



## दिल्ली में तैनात की गई डीआरडीओ की काउंटर-ड्रोन प्रणाली



**नई दिल्ली।** जी-20 सम्मेलन के दौरान किसी भी ड्रोन संभावित खतरे से निपटने के इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित भारतीय काउंटर-ड्रोन प्रणाली को राष्ट्रीय राजधानी के राजनयिक एन्क्लेव में तैनात किया गया है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक डीआरडीओ और भारतीय सेना के ड्रोन सिस्टम अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर हवाई खतरों से निपटने के लिए काम कर रहे हैं। इस प्रकार की सुरक्षा जी-20 सम्मेलन पूर्ण होने तक चौबीसों घंटे उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि जी 20 सम्मेलन की सुरक्षा को लेकर भारतीय वायुसेना ने एक ऑपरेशन डायरेक्शन सेंटर भी बनाया है। यह सेंटर दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सीधा जुड़ा है। वायुसेना ने जी-20 सम्मेलन के दौरान सुरक्षा के लिए एयर डिफेंस मिसाइल और राफेल को भी एक्शन मोड में रखा है। दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पैराग्लाइडर, पैरामोटर, हैंग ग्लाइडर, यूएवीएस, यूएएसएस, माइक्रोलाइट विमान, दूर से संचालित विमान, गर्म हवा के गुब्बारे, छोटे जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों को उड़ाना अवैध होगा। जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया के कई देशों के राष्ट्पति व राष्ट्र प्रमुख आ रहे हैं। विभिन्न राष्ट्र प्रमुखों को सुरक्षा प्रदान के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से वायु सेना ने मिराज राफेल और सुखोई 30 जैसे फाइटर जेट को भी तैनात रखा है।

## मोदी सरकार के मंत्री बोले- कुछ लोगों ने एचआईबी की बीमारी में डेंगू की दवाई ले ली है

**नई दिल्ली।** देश में सनातन धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी को लेकर बवाल मचा हुआ है. तमिलनाडु के सीएम के बेटे मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बाद बाद डीएमके नेता ए राजा ने भी सनातन धर्म पर विवादित बयान दिया है. इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पटलवार किया है. मोदी सरकार के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कुछ लोगों ने एचआईवी की बीमारी के लिए डेंगू मच्छर की दवाई ले ली है. उनका परमानेंट ब्रेन डैमेज हो गया है. केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि यह एकदम शर्मनाक है. ऐसा लगता है कि कुछ लोगों ने एचआईवी की बीमारी के लिए डेंगू मच्छर की दवाई ले ली है. उन लोगों का दिमाग पूरी तरह से डैमेज हो गया है. उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सनातन धर्म के बारे में, भारत की संस्कृति और सभ्यता के बारे में ऐसी टिप्पणियां की हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए. देश और सभी भारतीय इस तरह के बयानों से निराश हैं और मुझे लगता है कि उन्हें लोगों के सामने जवाब देना होगा. आपको बता दें कि तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने पहले कहा था कि डेंगू और मलेरिया की तरह सनातन धर्म फैल रहा है. इसे पूरी से खत्म कर देना चाहिए. इसके बाद डीएमके के एक और नेता ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना एचआईवी से कर दी. उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग और एचआईवी से भी ज्यादा घातक सनातन धर्म है. हालांकि, कांग्रेस ने डीएमके नेताओं के इन बयानों से दूरी बना ली है और भाजपा ने आईएनडीआईए पर जमकर हमला बोला है.





## झारखंड में स्कूली छात्र ने पुलिस की धमकी से घबराकर ट्रेन से कटकर दी जान, विरोध में सड़क पर उतरे लोग





**रांची।** झारखंड के सरायकेला में नौवीं के एक छात्र ने चोरी का मोबाइल इस्तेमाल करने पर कथित रूप से पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर ट्रेन से कटकर जान दे दी। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने गुरुवार को छह घंटे तक सरायकेला थाने का घेराव किया। घेराव तभी खत्म हुआ जब एसपी ने थानेदार नीतीश कुमार को सस्पेंड करने का आदेश दिया। परिजनों का कहना है कि छात्र सागर राणा ने सेकेंड हैंड मोबाइल खरीदा था। जमशेदपुर के साकची थाने में मोबाइल चोरी के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस को आईईएमआई नंबर से पता चला कि चोरी गए मोबाइल का इस्तेमाल सागर राणा कर रहा है। साकची थाने से मिली सूचना के आधार पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने इसके अनुसंधान का जिम्मा एसआई अभिमन्यु कुमार को सौंपा था। सागर के घरवालों का कहना है कि पुलिस के एक एसपीओ (अनुबंध पर काम करने वाला सहायक पुलिसकर्मी) दिनेश साहू ने घर आकर छात्र को जेल भिजवाने की धमकी दी। सागर घर पर नहीं था तो एसपीओ ने उसकी नाबालिग बहन से कहा कि घर वालों को 50 हजार रुपए देने को कह देना, अन्यथा सागर को जेल भेजा जाएगा। घरवालों का कहना है कि इसी धमकी से परेशान होकर सागर ने बुधवार को सिनी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर जान दे दी। गुरुवार को इस घटना के खिलाफ जनाक्रोश फूट पड़ा। ट्रेन से कटकर जान देने वाले किशोर के परिजन और स्थानीय लोग किशोर के शव के साथ थाने के सामने धरना पर बैठ गए। उनकी अगुवाई सरायकेला विधायक प्रतिनिधि सनंद आचार्य कर रहे थे। वे आरोपी दिनेश साहू की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। अंततः एसपी के निर्देश पर थानेदार को निलंबित करने और आरोपी दिनेश साहू की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद लोगों ने घेराव खत्म किया। एसपी ने सर्किल इंस्पेक्टर राम अनूप महतो को पूरे मामले की जांच का जिम्मा सौंपा है।

### भाजपा के राम मंदिर निर्माण मुद्दे से मुकाबला के लिए जदयू की पुनौराधाम विकसित करने की योजना

**पटना।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को मुद्दा बनाने की खबरों के बीच सत्तारूढ़ महागठबंधन ने प्राचीन पुनौरा मंदिर को विकसित करने की योजना बनाई है। नीतीश कुमार मंत्रिमंडल ने इस योजना को स्वीकृति भी दे दी है। सीतामढ़ी जिले में एक प्रसिद्ध हिंदू तीर्थस्थल पुनौरा धाम को भगवान राम की पत्नी देवी सीता का जन्मस्थान माना जाता है। बिहार सरकार भाजपा के मंदिर मुद्दे से मुकाबला को लेकर मंदिर को ही हथियार बनाने की कोशिश कर रही है। मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में इस योजना के लिए 72.47 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। बताया जाता है कि सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम मंदिर विकसित योजना के तहत सीता वाटिका, लव-कुश वाटिका, कैफेटेरिया, भूनिर्माण मार्ग सहित अन्य निर्माण कराए जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ को चावल के लिए 3 लाख 56 हजार गठान की जरुरतः भूपेश बघेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चावल उपार्जन का लक्ष्य यथावत रखे जाने के साथ पैकेजिंग के लिए 3 लाख 56 हजार गठान की जरुरत को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखा है। बघेल द्वारा पीयूष गोयल को लिखे गए पत्र में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन का लक्ष्य 86.5 लाख मीट्रिक टन यथावत रखने का अनुरोध किया है। साथ ही परिणामी चावल की पैकेजिंग के लिए 3.56 लाख गठान नए जूट बैग की आपूर्ति जूट कमिश्नर के माध्यम से कराए जाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा खाद्य सचिवों की बैठक 21 अगस्त 2023 की जारी कार्यवाही विवरण में राज्य में धान के उपार्जन अनुमान 130 लाख टन के अनुसार बनने वाले परिणामी चावल की 86.5 लाख मीट्रिक टन मात्रा को घटाते हुए 61 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जूट पैकेजिंग की छठवीं आपूर्ति योजना 6 सितंबर 2023 द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन हेतु आवश्यक नये जूट बारदानों की आपूर्ति मात्रा को कम करते हुए 3.56 लाख गठान के स्थान पर 2.45 लाख गठान किया गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा है कि इस बैठक में छत्तीसग? सरकार की ओर से राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की सीमा 20 क्विंटल प्रति एक? किए जाने का उल्लेख करते हुए, जो कि विगत कई वर्षो से खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 से 15 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित थी, केन्द्रीय पूल में 86 लाख मीट्रिक टन चावल उपार्जन के लक्ष्य को यथावत रखे जाने का अनुरोध किया गया था। राज्य के कृषि विभाग द्वारा प्रथम अग्रिम अनुमान के आधार पर राज्य में बोए गये धान के रकबे 36 लाख हेक्टेयर में 136.5 लाख टन धान उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। राज्य के कुछ एक स्थानों को छोड़कर मानसून की स्थिति धान के फसल के अनुरूप है। राज्य के सिंचित रकबे में कुछ स्थानों पर पानी की कमी के चलते नहरों के माध्यम से सिंचाई का प्रबंध भी किया गया है। उपरोक्त व्यवस्था के दृष्टिगत राज्य में धान का उत्पादन अग्रिम अनुमान से अधिक होना तय है।

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने बलात्कार पीड़िता को परेशान करने के लिए दो पुलिस अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता को परेशान करने के आरोप में कोलकाता के दो थानों के प्रभारी अधिकारियों (ओसी) पर जुर्माना लगाया है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंठ की खंडपीठ ने लेक थाना और नरेंद्रपुर थाना के ओसी को निर्देश दिया कि वे पीड़ति को अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न के मुआवजे के रूप में पांच-पांच हजार रुपये की टोकन राशि का भुगतान करें। अदालत ने दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पीड़ति महिला से लिखित माफी मांगने का भी निर्देश दिया है। हालांकि यह निर्देश खंडपीठ ने 5 सितंबर को पारित किया था, आदेश की प्रति गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई। यह आदेश पीड़ति महिला द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया गया, जिसमें पुलिस पर अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। याचिका में पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने अपने साथ बलात्कार करने के आरोपी व्यक्ति की पहचान की और अदालत ने पुलिस को उस व्यक्ति से पूछताछ करने का निर्देश दिया, तो पुलिस ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और इसकी बजाय उसे नोटिस दिया। उसने लेक थाने और नरेंद्रपुर थाने में एक साथ शिकायत दर्ज करायी। पीड़िता ने पुलिस पर व्हाट्सएप कॉल करने और पूछताछ करने के लिए आधी रात के आसपास उसके घर पर आने का भी आरोप लगाया। महिला ने अधिकार संस्था एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट्स (एपीडीआर) की मदद से कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था। आदेश पारित करते हुए पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि जांच की आड़ में पीड़िता को अनावश्यक रूप से परेशान किया गया है। आदेश में कहा गया है, चूंकि पुलिस अधिकारियों के कार्यों से पीड़िता की निजता और गरिमा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ, इसलिए यह अदालत अन्यथा पीड़िता को उसके मौलिक अधिकारों को लागू करने के उपाय के रूप में पुलिस अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से देय उचित मुआवजा देने के लिए इच्छुक होगी।



# शिवपुरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दिनारा पुलिस द्वारा दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर

**राकेश परिहार पिछोर**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुये अबैध शराब , अबैध गांजा , अबैध हथियार के विरूध्द अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं उक्त निर्देशों के पालन में थाना दिनारा पुलिस द्वारा दो तस्करो से 10 किलो 868 ग्राम गांजा कीमती 1090000 रूपये का बरामद किया।

## तस्करों से 10 लाख 90 हजार रूपये का गांजा किया बरामद

दिनांक 06.09.2023 को थाना प्रभारी दिनारा को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक मोटर साईकिल से अबैध गांजा लेकर झांसी तरफ से दिनारा तरफ आ रहे है , उक्त सूचना से थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया, अवगत कराने पर से पुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीओपी अनुभाग करैरा श्री शिवनारायण मुकाती को एवं थाना प्रभारी दिनारा उनि. संतोष भार्गव को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, उक्त सूचना पर थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव द्वारा अपने थाने के बल के साथ पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक निर्देशन में एवं एसडीओपी अनुभाग करैरा के मार्गदर्शन मे त्वरित कार्यवाही करते हुये सूचना पर से झांसी शिवपुरी हाईवे रोड दिनारा चैक पोस्ट प्रतिक्षालय के पास आने वाले बाहनो को रोककर चैक किया दौराने वाहन चैकिंग




मुखबिर के बताये हुलिया के अनुसार दो व्यक्ति एक काले रंग की हीरो स्पलेंडर मोटर साईकिल से झांसी तरफ से आते दिखे उक्त मोटर साईकिल को रोककर चैक किया तो उक्त मोटर साईकिल का नंवर एम.पी. 07 एन डी 1722 व गाडी पर वैठे दोनो व्यक्ति जिनकी पीठ पर काले रंग के पिट्ठू वैग टंगे हुये थे हमराह फोर्स की मदद से घेरकर रोककर पकडा दोनो से उनके नाम पता पूछे तो मोटर साईकिल चालक द्वारा अपना नाम दिनेश पुत्र शिवलाल सेन उम्र 33 साल निवासी ग्राम गढी थाना पिछोर जिला ग्वालियर का होना वताया मोटर साईकिल पर पीछे वैठे विकलांग व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राजकुमार पुत्र बाली सेन उम्र 35 साल निवासी पुराना दिनारा जिला शिवपुरी का होना वताया ,तलाशी लेने पर मोटर साईकिल चला रहे आरोपी दिनेश के पास बैग में 04 किलो 451 ग्राम गांजा जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत 4,50,000/- रूपये करीबन का होना पाया गया व आरोपी राजकुमार पुत्र बाली सेन उम्र 35 साल निवासी पुराना दिनारा के पास से मिले दो पैकिटो में कुल बजन 06 किलो 417 ग्राम गांजा पाया गया , जिसकी अंतराष्टीय कीमत 6,40,000 /-रुपये हैं पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से कुल गांजा 10 किलो 868 ग्राम कीमती करीव 10,90,000/- रुपये एवं मोटरसायकिल कीमती करीब 75000/- रु. कुल मशरूका 11 लाख 65 हजार रूपये जप्त कर आरोपियों के विरुध्द एडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त सरहानीय कार्य किये जाने मे थाना प्रभारी थाना दिनारा उ.नि. संतोष भार्गव, सउनि विनोद गौतम, सउनि विवेक भट्ट, सउनि सोवरन सिंह सिसोदिया, प्र.आर. 252 हिमांशु चतुर्वेदी, प्र.आर. 928 दीपक उपाध्याय, आर. 193 अरविन्द मांझी, आर. 174 नंदकिशोर शर्मा, आर. 425 धर्मेन्द्र लोधी, आर. 747 मनोज यादव, आर. 778 रामवीर सिंह, आर. 240 पीकेश कुमार, आर. 175 रमाशंकर मांझी, आर. 726 रामपाल जाट, आर. 267 विकास दुबे ,आर चालक 777 मनीष गोस्वामी, आर. 903 आशीष शर्मा, आर. 466 बलवीर बघेल की सरहानीय भूमिका रही है ।

## आकाशीय विजली गिरने से महिला की मौत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संबादाता जितेंद्र राय**



**मुंगावली।** बुधबार शाम तेज हवा और पानी के साथ बादल की तेज गर्जना के साथ बिजली गिरने से पचमउआ निवासी महिला अपने खेत पर मूंग की फली तोड़ रही तब ही बादल गर्जने पर वह महुआ के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई और अचानक उसी पर बिजली गिरने से मानबाई लोधी उम्र 37 वर्ष की मोके पर ही मौत हो गई । जिसके एक लड़का सोनू लोधी उम्र 18 वर्षएक लड़की उम्र 16 वर्ष है परिजन उसे सिविल अस्पताल मुंगावली लाये तो डाक्टरों द्वारा मृतक का पी एम कर शब को परिजन को सौपा और बताया की हो सकता हे की बिजली गिरने से मौत हुई।

## श्री कुमावत समाज सेवा संघ ने श्री कृष्ण जन्माष्टमि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**



बेंगलूरू श्री कुमावत समाज सेवा संघ ट्रस्ट कुम्बलगौडु मैसूर रोड ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी एंव 12 वा. वार्षिक महोत्सव सुकंदकट्टे स्थित तिम्माका पटेल मंडप में हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभा का शुभारंभ श्री कृष्ण भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ । संस्था के अध्यक्ष पुखराज माणणीया ने श्री कृष्ण जन्माष्टी पर्व की शुभकामनाएं दी। सचिव संजय कुमार माणणीया ने आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष तेजाराम तिलायचा ने आय व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों एंव प्रसादी के लाभार्थियों का संस्था की ओर से साफा द्वारा स्वागत किया। रात्रि में मंडप में जागरण का आयोजन हुआ जिसमें भजन गायक राजाराम कुमावत एण्ड पार्टी , राजूराम सीरवी ,रतन सिंह राजपुरोहित, ओमप्रकाश पंवार ने भजनो की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर प्रसादि का आयोजन रखा गया। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष नेमिचंद बाकरेचा, सरक्षंक चुन्नीलाल दमाणीया, प्रचार मंत्री तेजाराम गुणावण, भंवरलाल दूबलदिया ,रामलाल जलान्द्रा, सरदारमल बागरेचा पुकाराम मालीवाड ,कैलाश लारना एंव मयलसन्द्रा के अध्यक्ष गोवरधनलाल दुबलदिया सहित बड़ी संख्या में अनेक गणमान्य मौजूद थे

# मुरैना में तहसीलों की जनसुनवाई बंद, फरियादी हो रहे परेशान, सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों का बढ़ा ग्राफ

**केशब पंडित जी ब्यूरौ चम्बल...**

**अम्बाह... (चम्बल ब्यूरो)** मुरैना जिले में हर हफ्ते तहसीलो में होने वाली जनसुनवाई में अधिकारी अब रुचि नहीं ले रहे हैं। स्थिति यह है कि डिबीजन और तहसीलो में होने वाली जनसुनवाई लगभग बंद हो गई है। कलेक्टर कार्यालय स्थिति किसी भी विभाग में जन चौपाल या जनसुनवाई आयोजित नहीं होती है, जिसके चलते फरियादी परेशान हो रहे हैं। यद्यपि, लोगों ने इसके विकल्प के रूप में सीएम हेल्पलाइन को सुनवाई का माध्यम बना लिया है, लेकिन विभागीय अधिकारियों के रुचि न लेने से हजारों की संख्या में शिकायतें लंबित हैं।

जिलों में केवल कलेक्टर कर रहे जनसुनवाई जनसुनवाई केवल जिलों तक सीमित होकर रह गई है। जिले में कलेक्टर जनसुनवाई कर रहे है और लोगों की शिकायतें सुनकर




उनका निराकरण करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे कुछ प्रकरण है जिनमें तहसील स्तर पर कार्रवाई होनी है उनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसके चलते फरियादी सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर रहे हैं। कुछ समय पहले सभी बिभागीय अधिकारियो को जनपद कार्यालयो में बुलाकर समस्याये सुनी जाती थी और सात दिबस का अल्टीमेट देकर बिभागीय अधिकारियो को नोट करादी जाती और लगभग समस्याओ का समाधान मिल जाता जब से चुनाव को लेकर तबादिले हुये है तहसील लेबल के अधिकारी कार्यो में रूचि नही लेरहै है कार्य तो दूर आफिस में बैठना मुश्किल होरहा है और शाम को अपने सरकारी आबास छोडकर जिला मुख्यालय पर पहुच रहै है जिससे नामान्तरण बटबारे सीमाकन जैसे प्रकरण और आम लोगो की समस्या बढती जारही है जिससे सीएम हेल्प लाइन शिकायतो का ग्राफ बढा है

## भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक गुवाहाटी (असम) में राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत होगी शामिल

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक दिनांक 8.8.23 गुवाहाटी में आहुत की गई है। बैठक में छत्तीसगड़ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत महामंत्री चंपा देवी विभाअवस्थी , नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती मीनल चौबे भी की शामिल होगी। बैठक में आगामी कार्ययोजना एवं 2023 में होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी।






## शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षकों का सम्मान

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**




**गोहद भिण्ड ।** आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद जिला भिंड में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पलक शिक्षक संघ के पदाधिकारी पलक माताएं एवं अभिभावक विद्यालय परिवार के सदस्य गोहद नगर के गणमान्य जन्म अधिकारी गण खंड शिक्षा अधिकारी श्री नरेंद्र सिंह तोमर खंड स्रोत समन्वयक गोहद श्री नरेंद्र सिंह भदोरिया अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह जी आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## श्री राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता में अबिस्का उपाध्याय को मिला प्रथम पुरस्कार

### बिद्यालय परिवार ने नन्हे मुंहे भैया बहिनों को प्रदान किया आसीर्बाद

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



लहार-सरस्वती शिशु मंदिर लहार में श्री राधा कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें भैया बहनों ने भाग लिया।भैया कृष्ण के स्वरूप में एवं बहने राधा के स्वरूप में सम्मिलित हुई।इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर लहार के प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव का उद्बोधन हुआ एवं मुख्य अतिथि के रूप में मीनू गुप्ता उपस्थित रही।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य हरिहर सिंह जी ने किया अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य ने कराया।अथितियो ने भैया बहनों के स्वरूप वेश एवं प्रभाव आदि बिंदुओं पर मूल्यांकन किया और प्रथम पुरुस्कार अबिस्का उपाध्याय एवम द्वितीय देव उपाध्याय को पुरस्कृत किया।शेष सभी भैया बहनों को सहभागिता पुरस्कार प्रदान किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहा।

## अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मप्र का शीर्ष प्रतिनिधि मण्डल माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बुधवार को मिला

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई समाज कल्याण की आवश्यकताओं पर चर्चा

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

भोपाल । मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त निशांत खरे के सानिध्य में अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश का शीर्ष प्रतिनिधि मण्डल बुधवार शाम को माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल में उनके निवास पर मिला। प्रान्तीय अध्यक्ष सीए भगवान लछेटा एवं महासचिव कान्तिलाल गेहलोत ने बताया कि मुख्यमंत्री से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सिर्वी समाज के उत्थान और सामाजिक आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर महिला संगठन प्रान्तीय अध्यक्ष अनिता चोयल बड़वानी, महासचिव डॉ जया मुकाती मनावर, उपाध्यक्ष उमा काग सिरलाय,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश मुकाती वीआईपी मनावर, केन्द्रीय समिति वरिष्ठ सदस्य मोहन भायल अजन्दा व भरतलाल परमार कंकराज,इन्दौर



ट्रस्ट संरक्षक जगदीश काग एवं लक्ष्मण बरफा मेक्शन बैटरी, महेश्वर ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मण काग सिरलाय, उपाध्यक्ष लक्ष्मण परिहार जाजमखेड़ी,राजेश राठौर कुक्षी, प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र परिहार पुंजापुरा, राधेश्याम पटेल अमलाथा,गिरधारीलाल जी हामड़ बदनावर, पूर्व प्रांतीय मीडिया प्रभारी मुकेश गेहलोत डेहरी, प्रान्तीय राजनीतिक सचिव मदन जी चोयल रिंगनोद, व्यापार सचिव शेखर भायल बिलवा, सरदारपुर- राजगढ़ जिलाध्यक्ष डॉ मुन्नालाल भायल,धार निमाड़ जिलाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती जाजमखेड़ी, इन्दौर जिलाध्यक्ष भगवान काग, बड़वानी जिला महासचिव गोविन्द जी भायल बिलवारोड़,युवा संगठन पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष हरिहर मोगरे रतनपुर प्रदेश प्रतिनिधि अशोक राठौर सिंघाना,विक्रम चोयल अमलाल,बाबूलाल हम्मड़ कुक्षी,युवा प्रदेश प्रतिनिधि अशोक जी राठौर मंडवाड़ा, धीरेन्द्र परिहार निगरनी आदि उपस्थित थे।

## हजारों युवाओं के दिलों पर राज करने वाले विधानसभा चुनाव में दे सकतें हैं टक्करः राजू वोरे

### विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा को दे सकतें हैं बड़ी टक्कर राजू वोरे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा को दे सकतें हैं मात

**मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन। खरगोन राजू वोरे एक युवा नेता सरपंच और कई सालों से लगातार गरीब लोगों की दबी हुई आवाज उठाने का काम कर रहे हैं, ग्रामवासियों ने वोरे को सरपंच बनाकर सेवा करने का मौका दिया, और अभी भीकनगाव विधानसभा के गांवों का कहना हैं कि अब की बार युवा नेता, विधासभा 181 से कांग्रेस भाजपा को मिल सकती है बड़ी टक्कर



बेरोज़गारो कि बुलंद आवाज बेरोजगारी कि आवाज निडरता से उठाने वाले, बेरोजगारी कि लड़ाई लड़ने वाले शिक्षा के प्रति जागरूक करने वाले जयस के साथी युवा दिलों कि धड़कन भाई राजू वोरे लड़ सकते हैं जयस प्रत्याशी विधानसभा 181 से चुनाव भाजपा कांग्रेस को मिल सकती है बड़ी टक्कर, तेजी से उभरता हुआ एक नया चेहरा विधानसभा चुनाव में बड़ी टक्कर दे सकते हैं।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे के छत्तीसगढ़ प्रवास पर भाजपा की प्रेस वार्ता

### सरोज पांडे ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से पूछे 9 सवाल




**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद सुश्री सरोज पांडे ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से 9 सवाल किए हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे जी छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं, इसलिए उन्हें भाजपा के कुछ सवालों के जवाब को देना चाहिए।

1.भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगाठ मनाने वाले बताये कि उन्हें 'भारत' शब्द से क्या आपत्ति है।

2.छत्तीसगड़ में कांग्रेस जहर परोस रही है। राहुल गांधी की सभा में परोसा गया खाना खाने से 50 से ज्यादा गायों की मौत हो गई। क्या खरगे जी जन्माष्टमी के दिन सार्वजनिक रूप से माड़ी मांगेंगे।

3.सनातन धर्म का अपमान करने करने वाले उदयनिधि स्टालिन का समर्थन आपके बेटे ने किया, क्या इस पर आप माड़ी मांगेंगेड़ क्या आप अपने बेटे को पार्टी से निष्कासित करेंगे।

4. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जी को चिट्ठी लिखने का शौक है। राजस्थान में आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म हुआ, महिला उत्पीड़न की पराकाष्ठा हुई,क्या आपके मुख्यमंत्री इस पर अशोक गहलोत जी को चिट्ठी लिखेंगेड़

5.आपके छत्तीसगड़ सरकार का नारा है 'हमर बेटी हमर मान'। सुकमा में बच्ची के साथ अनाचार हुआ, इस पर क्या आपके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सोनिया जी ने माड़ी मांगी।

6.इतना ही नहीं छत्तीसगड़ में प्रतिदिन औसतन 2-3 बलात्कार और हत्या के मामले दर्ज हो रहे हैं। जशपुर में शिक्षिका के साथ अनाचार हुआ, मंदिर हसौद और देवेन्द्र नगर में में सामूहिक दुष्कर्म हुआ। खरगे जी बताएं इस पर क्या वो जनता से माड़ी मांगेंगे।

7.छत्तीसगड़ में चर्चा है कि कांग्रेस पार्टी ने सीएम भूपेश बघेल को बनाया है और भूपेश बघेल ने सुपर सीएम बनाया है क्या आपको पता हैड़ अगर पता है तो बताएं कौन हैं सुपर सीएम।

8. छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के विभाग से जुड़े अधिकारियों के घर से सोना डायमंड ,नगद बड़ी संख्या में प्राप्त हुए हैं जगह-जगह भ्रष्टाचार की दुकान खुली है छत्तीसगढ़ में हुए भयंकर भ्रष्टाचार पर आपका क्या कहना है।

9. गंगाजल की कसम खाकर कांग्रेस ने शराबबंदी का वादा किया था पिछले कुछ दिनों में ही 8 से ज्यादा लोगों की मृत्यु जहरीली शराब, अवैध शराब पीने से हुई है आपका इस पर क्या स्टैंड है।

प्रेस वार्ता में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी महिला मोर्चा की रायपुर जिला अध्यक्ष सीमा साहू मौजूद रही।

# भजन बैर को करता है समाप्तः राजन जी महाराज

## दिव्य रामकथा में तालेश्वर सरकार पर अम्बरीष शर्मा द्वारा आयोजित कथा में बोले पूज्य राजन जी महाराज





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार। नगर लहार के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तालेश्वर सरकार पर चल रही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया द्वारा आयोजित दिव्य रामकथा के सातवें दिन पूज्य कथा बाचक राजन जी महाराज ने कहा कि जब अयोध्या में हाहाकार मच गई सुमंत खाली रथ लेकर अयोध्या पहुँचे लोग दोड-दौड?कर पूछते-मंत्रीवर, राम कहाँ है राम-लक्ष्मण और सीता को कहाँ छोड़ आए सुमंत नीची गर्दन किए बिना बोले ही राजमहल की ओर बढ़ते गए उन्हें अकेला आते देखकर रानियाँ भी जोर-जोर से रोने लगीं राजा ने भी पूछा - बेटा राम कहाँ है पुत्री सीता न जाने कैसे रहती होगी राजा अनाथ की तरह रोने लगे सुमंत ने भी रोते रोते सब हाल कह सुनाया कौशल्या छाती पीट-पीटकर रोने लगी । राजा दशरथ ने अपने अपराध के लिए कौशल्या से क्षमा माँगी राम को अयोध्या से गए छह दिन हो गए थे । तब से राजा दशरथ भी यों ही पड़े थे आधी रात होने को आई तब उनका श्रवण कुमार के पिता द्वारा दिए गए शाप की याद आई उन्होंने कौशल्या से कहा- एक बात मेंने तुमको अब तक नहीं बताई । आज बताता हूँ हमारे-तुम्हारे विवाह के पहले की घटना है, एक बार वर्षा ऋतु में सरयू नदी के किनारे मैं शिकार खेलने गया उन दिनों शब्दबेधी बाण चलाने का मुझे बड़ा शौक था अँधेरा हो चला था एकाएक नदी में से हाथी के पानी पीने की सी आवाज आई उसी को लक्ष्य करके मैं बाण चला दिया तभी मनुष्य के तड़पने की आवाज आई मैं घबराया हुआ वहाँ पहुँचा तो देखा कि एक तपस्वी बालक घायल हुआ कराह रहा है पास में एक घड़ा भी पड़ा है । वह रोते-रोते बोला, मेरे अंधे माँ-बाप प्यासे उस आश्रम मैं बैठे मेरी राह देख रहे होंगे कृपा कर उनके लिए पानी लेते जाइए, इतना कहकर उसने दम तोड़ दिया मैं जल लेकर आश्रम में गया मेरी आहट पाकर उसके बूढ़े बाप बोले, बेटा श्रवण इतनी देर कहाँ लगाई मेरी जीभ लड्खडा रही थी में डरते-डरते बोला-...में श्रवणकुमार नहीं हूँ, अयोध्या का राजा दशरथ हूँ गलती से मेरा बाण उसे लग गया है और अब वह इस संसार में नहीं है यह सुनकर वे करुण विलाप करने लगे मेरे साथ वे नदी के तट तक आए, उन्होंने पुत्र को जलांजलि दी और मुझे शाप दिया, ÷हे राजन? पुत्र के वियोग में जैसे आज हम मर रहे हैं, बैसे ही तड़प-तड़प कर तुम भी मरोगे%% और उन दोनों ने उसी समय प्राण त्याग दिए कौशल्या लगता है उस शाप के सच होने का समय अब आ गया है मेरे प्राण मानो कोई खींच रहा है हाय, में मरते समय प्यारे पुत्र का मुँह भी न देख सका । में बड़ा अभागा हूँ अपने किए का फल भोग रहा हूँ हा रा हा राम कहते हुए दशरथ ने प्राण त्याग दिए रानियाँ राजा के बलपौरुष का वर्णन करती हुई करुण स्वर में विलाप करने लगीं मंत्रियों ने राजा के शव को तेल से भरे कड़ाह में रखवा दिया फिर मंत्रिपरिषद् ने विचार करके भरत को बुलवाने का निश्चय किया हवा की गति से चलने वाले घोड़ों पर दूत भेजे गए उनसे कह दिया गया था कि कैकेय देश में पहुँचकर केवल इतना कहें कि आवश्यक कार्यवश गुरु ने भरत को तुरंत बुलवाया है ननिहाल में भरत का मन उचट रहा था तरह-तरह की बातें उनके मन में उठती थीं जैसे ही उनको दूत का संदेश मिला, वे नाना-मामा से विदा लेकर शत्रुघ्न के साथ अयोध्या को चल प? नदी, पर्वत लाँघते हुए आठवें दिन वे अयोध्या आ पहुँचे नगर में चारों ओर सन्नाटा था बाजार बंद थे नगरवासी भरत को देखकर मुँह फेर लेते थे भरत घबराए हुए अपनी माता के महल में गए और ननिहाल का कुशल-समाचार बताकर पिता और भाई राम के बारे में पूछने लगे कैकेयी ने हँसकर कहा तुम्हारे पिता तो स्वर्ग चले गए बे इस पृथ्वी का सुख भोग चुके थे उनके बारे में चिन्ता न करो। भरत फूट-फूटकर रोने लगे। फिर उन्होंने पूछा भाई राम कहाँ हैं। कैकेयी ने हँस-हँसकर अपने वरदान तथा राम-लक्ष्मण और सीता के वन जाने की सारी बातें कह सुनाई । वह बोली---बेटा भरत, मैंने तुम्हारे लिए ही सब कुछ किया है अब चिन्ता छोड़कर अयोध्या की राज्य-लक्ष्मी का भोग करो भरत को माता पर बड़ा रोष आया वे बॉले--पापिनी तूने यह क?या किया इक्ष्वाकु वंश की तूने नाक काट दी ऐसा ही करना था तो मुझे जन्मते ही क?यों न मार डाला इस बीच राज्य के मंत्री भी वहाँ आ गए थे उनके सामने भी उन्होंने केकेयी को बहुत भला-बुरा कहा वे बोले--÷%मंत्रियो आप भी सुन लें, मेरी माँ ने जो कुछ किया है उसमें मेरा कोई हाथ नहीं, में शपथपूर्वक कहता हूँ यह कहकर भरत तुरंत ही माता कौशल्या के पास चल दिए और उनसे लिपटकर बच्चे की तरह बिलखकर रोने लगे । माता ने उन्हें धीरज बँधाया फिर वे भी पछाड़ खाकर भूमि पर गिर पड़ीं। भरत ने माता को भी तरह-तरह से सांत्वना दी रातभर भरत, पिता और भाई राम की याद करके रोते रहे । उन्होंने माता के सामने सैकड़ों तरह की सौगंध खाई और कहा कि जो पाप कर्म कैकेयी ने किया है उसका मझे पता भी नहीं । जिसकी सम्मति से यह हुआ हो, उसकी बुरी गति हो सवेरा होने पर राजा दशरथ का चंदन की चिता पर दाह-संस्कार किया गया भरतं ने सब अंतिम संस्कार गुरु के बताए अनुसार विधिवत? किया अगले दिन मंत्रियों और नगरवासियों को बुलाकर भरत ने कहा अयोध्या का राज्य सबसे बड़े भाई राम का है हम आप सभी उन्हीं के हैं। राम को लौटा लाने के लिए मैं कल ही चित्रकूट जाऊँगा आप भी चलें माताएँ भी चलेंगी । प्रजा भी चलेगी और साथ में चतुरंशिणी सेना भी रहेगी गुरु बशिष्ठ जी से भी मैं चलने के लिए प्रार्थना करूँगा उसके बाद महाराज भरत सबको लेकर निकले और श्रंगवेर पुर में रात्रि विश्राम हेतु रुके कथा समापन उपरांत आरती की गई इस मौके पर कथा यजमान श्रीमति अरुणा नरेश चन्द्र शर्मा ने भक्तजनों से अपील की है कि कथा श्रवण के पश्चात भण्डारा ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बनायें इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी,पूज्य दंदरौया सरकार,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश दुबे एवम सैक?ो की संख्या में साधु संत एवम भक्तजन मौजूद रहे ।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थान लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय खेल संस्थान, जीवाजी विश्वविद्यालय व अन्य महाविद्यालयों में जाकर प्रबुद्ध शिक्षकों को पौधायुक्त गमला भेंट कर किया सम्मानित

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**





ग्वालियर। दिनांक 05.09.2023 को शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल ग्वालियर द्वारा श्री खलील अहमद, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक के निर्देशन में ग्वालियर शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थान लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय खेल संस्थान, जीवाजी विश्वविद्यालय, गजरा राजा मेडिकल कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा मान सिंह संगीत महाविद्यालय में जाकर प्रबुद्ध शिक्षकों को पौधायुक्त गमला भेंट कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी स्थापना के 67 सफल वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में 1सितंबर से 7 सितंबर के मध्य बीमा सप्ताह मना रहा है। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में शहर के सभी पार्षदों को उनके निवास पर जाकर पौधायुक्त गमले प्रदान कर सम्मानित करना, अस्पताल परिसर एवं सिरोल पहाड़ी पर पौधारोपण, ग्राहक संगोष्ठी, स्कूलों में छात्रों को चित्रकला, निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि शामिल रहे। दिनांक 6 सितंबर को स्वास्थ्य शिवर व 7 सितंबर को कार्यक्रम का समापन हुआ। ग्वालियर मण्डल के अधीन सभी शाखाओं में भी ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाखाओं में 4 सितंबर को अभिकर्ताओं का शाही सम्मान भी किया गया।

## भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक सुबोध सोनी ने जैतवारा सीएमओ से मिल कर बताई समस्या

**पुस्पंजली टुडे, राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**



जैतवारा में रोड तो बनी पर पहले से समस्या और ज्यादा बढ़ गई व्यापारी एवं राहगीरों को जैतवारा मार्केट में आने जाने में बहुत समस्या हो रही है जैतवारा स्टेशन रोड में और राम मंदिर तिराहा में बिना स्लोप बनाए रोड बनाकर छोड़ दिया गया आए दिन हादसे हो रहे हैं । आम जनमानस परेशान है इसी संदर्भ में आज जैतवारा सीएमओ साहब से मुलाकात हुई और अपनी समस्या बताई साथ ही स्ट्रीट लाइट की भी समस्या एवं जैतवारा में शौचालय की भी समस्या से अवगत कराया।। सीएमओ साहब ने आश्वासन दिया है की आने वाले तीन-चार दिनों में यह सब ठीक कराया जाएगा ।। मुख्य रूप से भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक सुबोध सोनी नीरज सीतलानी अभिषेक गुप्ता राकेश कछवाहा अभय गुप्ता मुकेश सोनी सुमित तोमर लकी तोमर एवं अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे ।

# एक करोड़ पाँच लाख की अवैध अग्रेंजी शराब मय ट्रक जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस टीम को 10 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की, खाद बीज विल्टी के नाम पर दवाईयों के खोके ट्रक में भरकर ले जा रहे थे 604 पेटी अवैध शराब

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सैना के दिशा-निर्देशन पर पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त सक्सैना एवं उपपुलिस महानिरीक्षक सुश्री कृष्णावेनी देसावतु के मार्गदर्शन में नागरिको की सुरक्षा और अपराधो पर अकुंश लगाने के लिये भिण्ड पुलिस निरंतर कार्यवाही कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुये सभी जिलो में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित दिया गया था जिस पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन पर आगामी चुनाव- 2023 को दृष्टिगत रखते हुये समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था । उक्त सम्बन्ध में अनुविभागीय अधिकारी लहार रविन्द्र विलवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लहार निरीक्षक वरुण तिवारी को दिनांक 05/09/2023 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि अवैध शराब का एक ट्रक ग्राम शाहपुरा मोड, लहार क्षेत्र से होकर गुजरने वाला है उक्त सूचना को तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशो का पालन करते हुये थाना प्रभारी लहार द्वारा तत्काल एक टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर ग्राम



शाहपुरा मोड पर चैकिंग पाइंट लगाया गया। चैकिंग के दौरान मुखबिर के बताये गये ट्रक न0 जी जे 03 बी डब्लू 7466 आता हुआ दिखाई दिया उक्त ट्रक को चैकिंग टीम की मदद से रोककर चैक किया गया तो खाकी रंग के मेडीसिन के कारटून रखे थे जिन्हें खोलकर देखा तो ब्रान्डेण्ड अग्रेंजी शराब रखी थी ट्रक चालक नि0 रतासर थाना बीजराड जिला बाडमेर (राजस्थान) से उक्त शराब का परिवहन करने सम्बन्धी कागजात मागने पर कोई बैध कागजात प्राप्त नही हुये, आरोपी द्वारा खाद बीज की रॉयल्टी पर अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था उक्त अवैध शराब को विधिवत जप्त किया जाकर थाना लहार में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**बरामद मशरुका–**

(1) अवैध अग्रेजी शराब 604 पेटियाँ कुल 6218 बल्क लीटर कीमती 01 करोड 05 लाख । (2) एक ट्रक कं. जी जे 03 बी डब्लू 7466 कीमती- 20 लाख रुपये ।

कुल बरामद माल - मशरुका की अनुमानित कीमत -एक करोड़ पच्चीस लाख रुपये है।

**सराहनीय भूमिका–**

उक्त उल्लेखनीय कार्य में लहार थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी,प्रधान आरक्षक मनोज,आरक्षक शैलेन्द्र, अक्षय,श्याम मरावी,दीपक यादव टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

## थाना कैलारस पुलिस ने ब्राम्हण समाज पर अपमान जनक टिप्पाणी करने वाला आरोपी को 24 घंटे मे धर : दबोचा एवं आरोपी को भेजा

**रिपोर्टर गोरव शर्मा**

कैलारस- ब्राम्हण समाज पर अपमान-जनक टिप्पणी करने वाले आरोपी के विरूद्ध थाना कैलारस में अप.क्रं.-382/23 धारा- 505(2) ताहि. 67 आईटी एक्ट पंजीबद्ध किया गया जिसकी तत्काल गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला मुरैना श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा निर्देशित किया गया था, जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला मुरैना डॉ. अरविन्द ठाकुर एवं श्रीमान एस.डी.ओ.पी. महोदय कैलारस श्री रवि सोनेर के मार्गदर्शन में ब्राह्मण समाज पर अपमान-जनक टिप्पणी करने वाले आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम का गठन किया गया, जिस पर थाना प्रभारी निरी.सोनपाल सिंह तोमर के नेतृत्व गठित टीम ने सीडीआर व सीसीटीव्ही फोटेज एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पतारसी दौरान पहाड्गढ रोड कैलारस से कहीं की भागने फिराक में था जिसे ब्राम्हण समाज पर अश्लील टिप्पणी करने के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ की तो अपराध करना स्वीकार किया, बाद आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर जेल भेजा। सराहनीय योगदान - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सोनपाल सिंह तोमर, उनि.संतोष गौतम,उनि राममंत्र गुप्ता,प्रआर 961 श्या मबीर सिंह, प्र.आर. 963 बृन्दापबन अर्गल,



प्र.आर. 889 दातार सिंह,, आर. 443 दीपेन्द्र सिंह, आर. 705 शिवकुमार, 454 वीरपाल, आर. 485 राहुल अटेरिया, आर. 520 ब्रजराज, आर. 346 अरमान, आर 852 राकेश कुशवाह आर. 745 रोहित घनघोरिया, आर,आर 1097 देवेन्द्र सिंह घुरैया, आर.चालक- 272 साकिर खांन व सायबर सैल से प्रआर स्वदेश की सराहनीय भूमिका रही ।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर्व व विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस में कोठी में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई

### राधा कृष्ण की मनोरम झांकी की जगह जगह हुआ स्वागत व आरती

**पुस्पंजली टुडे,**
**राजेश कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**





सतना जिले के कोठी कस्बे में आज कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य सहित विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर कोठी विश्व हिंदू परिषद ने कृष्ण राधा जी की झांकी सजाकर ढोल नगाड़ों के साथ कोठी के जोगनी माता मंदिर प्रांगड़ में युवा समाजसेवी विपिन सिंह बडौर जी के द्वारा आरती पूजन कर शोभा यात्रा शुरू की गई ये शोभा यात्रा कोठी बस स्टैंड से बाजार चौक होते हुए बस स्टैंड के सिद्ध हनुमान जी मंदिर पर समापन की गई सोभा यात्रा की इस झांकी में राधा कृष्ण की जगह जगह आरती पूजा की गई व प्रसाद वितरित किया गया लोगो मे काफी उत्साह दिखा हजारों की तादाद में लोग झांकी के साथ चलते हुए जय श्री राम के नारे लगाते उपस्थित हुए ।इस शोभायात्रा कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद जिला सहमंत्री लवकेश गर्ग,रावेंद्र सिंह बजरंग दल जिला संयोजक,विनोद सिंह जिला सेवा प्रमुख ,विकास शुक्ला जिला सह सुरक्षा प्रमुख,विवेक प्रखंड मंत्री कोठी व विविध क्षेत्र के पदाधिकारी नगर के कार्यकर्ता सहित नगर के समाजसेवी उपस्थित रहे।

# भारत में प्रति व्यक्ति कोयला उत्सर्जन बढ़ा

**प्रदूषण-** भारत-इंडोनेशिया-चीन जैसे कुछ विकासशील देशों में उत्सर्जन अभी भी बढ़ रहा है। भविष्य में खतरे का संकेत।

ललित मोर्य

देश में कोयले से होने वाला प्रति व्यक्ति उत्सर्जन पिछले सात वर्षों में 29 फीसदी की वृद्धि के साथ 0.8 टन पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया में यह आंकड़ा प्रति व्यक्ति 0.61 टन दर्ज किया गया।जी-20 देशों में कोयला के कारण होते प्रति व्यक्ति उत्सर्जन के मामले में ऑस्ट्रेलिया सबसे ऊपर हैं। जो भारत से करीब छह गुणा ज्यादा उत्सर्जन कर रहा है।

सौर और पवन ऊर्जा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद अभी भी ऑस्ट्रेलिया दूसरे अन्य जी20 देशों की तुलना में प्रति व्यक्ति कोयले के चलते कहीं ज्यादा उत्सर्जन कर रहा है। यदि वर्तमान आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलिया ने कोयला आधारित बिजली की वजह से प्रति व्यक्ति 4.4 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जित की थी, जो भारत द्वारा प्रति व्यक्ति किए जा रहे उत्सर्जन से करीब छह गुना ज्यादा है।

वहीं भारत की बात करें तो देश में कोयले से होने वाला प्रति व्यक्ति उत्सर्जन पिछले सात वर्षों में 29 फीसदी की वृद्धि के साथ 0.8 टन पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया में यह आंकड़ा प्रति व्यक्ति 0.61 टन दर्ज किया गया। यह जानकारी एनर्जी थिंक टैंक एम्बर द्वारा किए नए विश्लेषण में सामने आई है। वैश्विक स्तर पर देखें तो भारत और चीन अपने नए थर्मल पावर प्लांट्स को लेकर लम्बे समय से चर्चा का विषय रहें हैं। हालांकि प्रति व्यक्ति के आधार पर कोयले से होते उत्सर्जन के मामले में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया भारत, चीन सहित अन्य प्रमुख जी20 देशों से कहीं ज्यादा आगे हैं।विश्लेषण के मुताबिक जहां दक्षिण कोरिया ने 2022 में कोयले आधारित बिजली के चलते प्रति व्यक्ति 3.27 टन सीओ2 उत्सर्जित की थी। वहीं चीन में यह आंकड़ा 3.1 टन दर्ज किया गया। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका में 2.5 टन, जापान में 2.29 टन, अमेरिका में 2.02 टन और जर्मनी में प्रति व्यक्ति 1.77 सीओ2 उत्सर्जन टन रिकॉर्ड किया गया।

वैश्विक स्तर पर कोयले की वजह से होते प्रति व्यक्ति उत्सर्जन को देखें तो वो 1.06 टन दर्ज किया गया है। मतलब की भारत प्रति व्यक्ति वैश्विक औसत से भी कम उत्सर्जन कर रहा है। वहीं जी20 देशों के प्रति व्यक्ति औसत उत्सर्जन को देखें तो वो वैश्विक औसत से कुछ ज्यादा 1.63 टन दर्ज किया गया।

एम्बर का कहना है कि वैश्विक रूप से बिजली क्षेत्र से जितना भी उत्सर्जन हो रहा है उसके 80 फीसदी के लिए केवल जी20 देश ही जिम्मेवार हैं। बता दें कि एम्बर द्वारा किया गया यह विश्लेषण ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यु 2023, इलेक्ट्रिसिटी डाटा एक्सप्लोरर और संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या से जुड़े आंकड़ों पर आधारित है।

यदि 2015 के आंकड़ों से तुलना करें तो जी20 देशों में प्रति व्यक्ति होते उत्सर्जन में नो फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी तरह वैश्विक रूप से भी इन सात वर्षों में प्रति व्यक्ति कोयले के कारण होते उत्सर्जन में चार फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मतलब की कहीं न कहीं हम पेरिस समझोते के लक्ष्यों से भटक रहे हैं। आधी से ज्यादा जी20 अर्थव्यवस्थाओं ने प्रति व्यक्ति उत्सर्जन में की है गिरावट, लेकिन अभी भी लक्ष्यों से है दूर।

हालांकि इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने अपने प्रति व्यक्ति उत्सर्जन में एक चौथाई की कमी की है लेकिन इसके बावजूद भी ऑस्ट्रेलिया का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वैश्विक औसत से तीन गुणा ज्यादा है।

यदि 2015 से 2022 के बीच पिछले सात वर्षों में देखें तो यूके ने प्रति व्यक्ति अपने कोयला बिजली उत्सर्जन में सबसे ज्यादा 93 फीसदी की कमी की है। इसी तरह फ्रांस ने 63 फीसदी, इटली ने 50 फीसदी और ब्राजील ने 42 फीसदी की महत्वपूर्ण कटोती की है। फ्रांस और ब्राजील में इस कटोती की वजह जीवाश्म ईंधन के बजाय स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का बढ़ता उपयोग है।

वहीं दूसरी तरफ इन सात वर्षों में इंडोनेशिया के प्रति व्यक्ति कोयला उपयोग के कारण होते उत्सर्जन में 56 फीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं इस दौरान टर्की में भी 41 फीसदी की दर्ज की गई है। ऐसा ही कुछ चीन में भी देखने को मिला है जहां प्रति व्यक्ति कोयला उत्सर्जन में 30 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

हालांकि चीन ने अपने कोयला संयंत्रों को कम करने का लक्ष्य रखा है, लेकिन इसके बावजूद उसने बिजली संयंत्रों का निर्माण बंद नहीं किया है। एक अध्ययन से पता चला है कि चीन में करीब 243 गीगावॉट कोयला आधारित बिजली क्षमता या तो निर्माणाधीन है या उसे स्वीकृति मिल चुकी है जो पूरे जर्मनी को बिजली देने के लिए काफी है।

इससे पता चलता है कि स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव तेजी से नहीं हो रहा है। चीन-भारत सहित कई देश अभी भी कोयले पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं और यह एक बड़ी समस्या है क्योंकि इसकी वजह से दिन-प्रतिदिन जलवायु लक्ष्यों से दूर होते जा रहे हैं।हालांकि पिछले सात वर्षों में दुनिया की 20 में से 12 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देकर अपने प्रति व्यक्ति कोयला उत्सर्जन को कम किया है। लेकिन इसके बावजूद अभी भी वो कमी काफी नहीं है। वहीं भारत-इंडोनेशिया-चीन जैसे कुछ विकासशील देशों में, ये उत्सर्जन अभी भी बढ़ रहा है। जो आने वाले समय में खतरे की ओर इशारा करता है। (साभार- डाऊन टू अर्थ)

## समाचार विश्लेषण : जर्मन कार इंडस्ट्री को झटका देता चीन

दुनिया में लक्जरी कारों के बाजार पर जर्मनी की धाक रही है। मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू, ऑउडी और पोर्शे जैसे कार ब्रांड ग्लोबल अपील रखते हैं। लेकिन जर्मन एसोसिएशन ऑफ दी ऑटोमोटिव इंडस्ट्री की प्रमुख हिल्डेग्राड म्युलर गंभीर चेतावनी दे रही हैं।

कारों की बात आती है तो जर्मनी को इस इंडस्ट्री का पावरहाउस कहा जाता है। लेकिन अब ये पावरहाउस खुद अंधकार में डूब रहा है। दुनिया में लक्जरी कारों के बाजार पर जर्मनी की धाक रही है। मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यु, ऑडडी और पोर्शे जैसे कार ब्रांड ग्लोबल अपील रखते हैं। लेकिन जर्मन एसोसिएशन ऑफ दी ऑटोमोटिव इंडस्ट्री (वीडीए) की प्रमुख हिल्डेग्राड म्युलर गंभीर चेतावनी दे रही हैं। जर्मन शहर म्यूनिख में आयोजित होने वाले मोबिलिटी शो से ठीक पहले उन्होंने कहा, ?बड़े सुधारों के बिना? जर्मनी ऑटो हब के रूप में अपनी पहचान खो देगा। उनके मुताबिक जर्मन कार निर्माता शायद बच जाएंगे, लेकिन एक ऑटोमोबाइल पावरहाउस के रूप में जर्मनी अपनी पहचान खो देगा।

जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए से बात करते हुए म्युलर ने इसके लिए अति नियम कायदों को जिम्मेदार ठहराया। उनके मुताबिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे भविष्य के मुद्दों पर अब तक कानूनी फ्रेमवर्क नहीं बना है। म्युलर कहती हैं, ?लागत के ढांचे की वजह से जर्मनी तेजी से अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा क्षमता खो रहा है।

कार इंडस्ट्री वाले देशों की तुलना करें तो जर्मनी में ऊर्जा की कीमत सबसे ऊंची है। बैटरी और चिप निर्माता कंपनियां, महंगी बिजली के कारण जर्मनी में निवेश करने से हिचक रही हैं। जर्मनी की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री, बिजली के बिल में सब्सिडी की मांग कर रही है। लेकिन इस सब्सिडी पर जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स की गठबंधन सरकार में घमासान छिड़ा है।

जर्मनी के सबसे बड़े मोटर शो, आईएए मोबिलिटी का उद्घाटन मंगलवार को खुद चांसलर शॉल्त्स कर रहे हैं। यह शो कार निर्माताओं, सप्लायरों, टेक कंपनियों और राजनेताओं को एक छत के नीचे लाता है। यह पहला मौका है जब आईएए में चीनी कार कंपनी बीवाईडी भी हिस्सा ले रही है। बीवाईडी इस वक्त दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार निर्माता बन चुकी है। 2023 में ही कंपनी 18.60 लाख ई-कारें बेच चुकी है। यूरोपीय कार निर्माता अल्फा रोमियो और ऑडडी के लिए काम कर चुके वोल्फगांग इगर अब बीवाईडी के डिजायन चीफ हैं। अपनी नई सेडान के साथ बीवाईडी, मर्सिडीज बेंज, ऑडडी और बीएमडब्ल्यू को टक्कर देना चाहती है। जर्मनी में जल्द ही बीवाईडी की बिक्री शुरू हो जाएगी।

आईएए में बीवाईडी का सबसे सस्ता मॉडल, डॉल्फिन 29,000 यूरो का है। जर्मनी की दिग्गज कार रेंटल कंपनी सिक्स्ट, अगले पांच साल में अपने बेड़े में एक लाख बीवाईडी कारें शामिल करना चाहती है।

(साभार- dw.com/hi/)

## मुद्दा नाम परिवर्तन नहीं है

इस आरोप में दम है कि सरकार हर काम को सियासी ध्रुवीकरण के नजरिए से करती है। इसीलिए यह मुद्दा विवादित हो गया है। अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हुए इतना बड़ा कदम उठाना किसी नजरिए से उचित नहीं है।

द्रौपदी मुर्मू और नरेंद्र मोदी ने अगर आधिकारिक रूप से खुद को क्रमशः भारत की राष्ट्रपति और भारत का प्रधानमंत्री कहलाना शुरू किया है, तो उसमें कोई असंवैधानिक बात नहीं है। भारतीय संविधान के मुताबिक इस देश के नाम के रूप में भारत और इंडिया दोनों या दोनों में से किसी एक शब्द का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर संविधान संशोधन कर आधिकारिक रूप से नाम बदलने की कोशिश की जाती है, तो उसमें कोई असाधारण बात नहीं होगी। विभिन्न देशों ने अपना नाम बदला है, जिनमें सबसे ताजा उदाहरण टर्की के तुर्किये बन जाने का है। अपने देश में भी शहरों और राज्यों तक के नाम बदलने की परंपरा रही है। अभी हाल में केरल ने अपना नाम केरलम कर लिया। इसके पहले बंबई, मद्रास, बैंगलोर क्रमशः मुंबई, चेन्नई और बंगलुरू हो ही चुके हैं। यहां सिर्फ उन नाम परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें राजनीतिक एवं सार्वजनिक आम सहमति से किया गया। अनेक नाम परिवर्तन ऐसे भी हुए हैं, जिन पर ऐसी सहमति बनाने की कोशिश नहीं की गई और इसलिए यह आरोप रहा है कि उन्हें ध्रुवीकरण की सियासत के हिस्से के रूप में अंजाम दिया गया। और यही पहलू देश के नाम के बारे में उठे विवाद का भी प्रमुख कारण है।

अगर वर्तमान केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती है, तो उसका सही तरीका पहले इस सवाल पर राष्ट्रीय बहस कराना और अधिकतम सहमति बनाना होना चाहिए। संविधान सभा ने अगर इंडिया और भारत दोनों नामों को अपनाया, तो इसका कारण वहां एक नाम पर सहमति ना बन पाना था। अब 75 साल बाद संभवतः ऐसा होने की संभावना अधिक मजबूत होगी। मगर समस्या यह है कि सहमति और संवाद के साथ आगे बढ़ना मौजूदा सरकार की शैली का हिस्सा नहीं है। बल्कि इस आरोप में दम है कि हर काम को वह सियासी ध्रुवीकरण के नजरिए से करती है। इसीलिए यह मुद्दा विवादित हो गया है। अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हुए इतना बड़ा कदम उठाना किसी नजरिए से उचित नहीं है। अपेक्षित यह है कि सरकार लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप संवाद के साथ ही ऐसी कोई पहल करे।

अपनी बात
संपादकीय

## एफआरआई तो जवाब नहीं

एडिटर्स गिल्ड की टीम ने तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट नहीं बनाई है, तो राज्य सरकार उसका तार्किक एवं तथ्यात्मक जवाब पेश कर सकती थी। लेकिन वह इतनी नाराज हुई कि उसने पत्रकारों के खिलाफ ही मुकदमा दायर कर दिया है।

एडिटर्स गिल्ड की रिपोर्ट पर मणिपुर सरकार ने जो रुख अपनाया, उससे यह संदेश गया है कि भारत में अब सवाल पूछना अपराध हो गया है। वरना, अगर राज्य सरकार को यह लगता है कि गिल्ड की तरफ से मणिपुर गई पत्रकारों की टीम ने तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट नहीं बनाई है, तो वह उसका तार्किक एवं तथ्यात्मक जवाब पेश कर सकती थी। लेकिन मणिपुर सरकार इस रिपोर्ट से इतनी नाराज हुई कि उसने पत्रकारों के खिलाफ ही पुलिस केस दायर कर दिया है। एडिटर्स गिल्ड की यह तीन सदस्यीय समिति ने सात से 10 अगस्त तक मणिपुर का दौरा किया था। वहां जांच समिति के सदस्य कई पत्रकारों, सिविल सोसाइटी कार्यकर्ताओं, हिंसा प्रभावित व्यक्तियों, आदिवासी प्रवक्ताओं और सुरक्षाबलों के प्रतिनिधियों से मिले। उसके आधार पर उन्होंने अपनी रिपोर्ट तैयार की। समिति ने दो सितंबर को अपनी रिपोर्ट जारी की। उसमें कहा गया कि मणिपुर में हिंसा के दौरान राज्य के पत्रकारों ने एक-पक्षीय रिपोर्टें लिखीं, जिनमें लिखी गई बातों की संबंधित संपादकों ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों से बात कर पुष्टि नहीं की।

हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हिंसा के माहौल में संभव है कि संपादकों के लिए ऐसा करना संभव नहीं हुआ होगा। इसके अलावा इंटरनेट पर लगे बैन की वजह से हालात बदतर हो गए थे। इंटरनेट प्रतिबंध की वजह से पत्रकारों की एक दूसरे से, अपने संपादकों से, और अपने सूत्रों से बात करने की गुंजाइश घट गई थी। राज्य में सबसे ज्यादा मीडिया संगठन इम्फाल घाटी से संचालित होते हैं। अधिकांश के मालिक मैतेई समुदाय से हैं। घाटी में आठ अखबार हैं और पांच यूट्यूब आधारित समाचार चैनल हैं, जिनको लाखों लोग देखते हैं। जबकि पहाड़ी इलाकों में सिर्फ दो अखबार और सिर्फ तीन यूट्यूब चैनल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा के दौरान यही 'इम्फाल मीडिया' मैतेई मीडिया में बदल गया। इसी बात से राज्य सरकार नाराज हो गई। लेकिन अगर एक मीडिया जांच टीम किसी नतीजे पर पहुंची, तो उसका उत्तर जवाबी रिपोर्ट तो हो सकती है, लेकिन मुकदमा दर्ज करना तो उसका जवाब नहीं है। यह लोकतंत्र के खिलाफ है।

## सम्यक दृष्टि वाले चक्रधारी श्रीकृष्ण



■ अशोक "प्रवृद्ध"

धर्म-कर्म



वैष्णव परंपरा में श्रीकृष्ण भक्ति का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। द्वापर युग के अंत काल में जन्म और मृत्यु को प्राप्त श्रीकृष्ण आज भी पूज्य हैं। लोग आज भी भक्ति व समर्पण भाव से इनकी पूजा करते हैं। वसुदेव- देवकी से उत्पन्न अर्थात इस संसार में जन्म को प्राप्त होने के बाद भी ये भगवान तुल्य माने जाते हैं। उन्हें विष्णु का अष्टम अवतार माना जाता है। महाभारत में अंकित विवरणियों में इन्हें निष्काम कर्मयोगी, आदर्श दार्शनिक, स्थितप्रज्ञ, एक पत्नीव्रता, सर्वगुणसम्पन्न, सर्व पापसंस्पर्शशून्य, देवतुल्य एवं दैवी संपदाओं से सुसज्जित महान महात्मा आदि विभूषणों से विभूषित करते हुए उन्हें शुद्ध, उत्तम चरित्रवान षोडश कलायुक्त योगीश्वर श्रीकृष्ण कहा गया है, लेकिन पौराणिक ग्रंथों में उन्हें सोलह हजार रानियों के साथ राजसी और ऐश्वर्यशाली जीवन व्यतीत करने वाला बताया गया है, फिर भी वे आज भी भगवान की भांति पूज्य हैं।

महाभारत व पौराणिक ग्रंथों में अंकित वर्णनों के अनुसार श्रीकृष्ण विलासी हैं, तो महान त्यागी भी हैं। श्रीकृष्ण शांति प्रिय हैं, तो क्रांति प्रिय भी हैं। श्रीकृष्ण मृदु हैं, तो वही कठोर भी हैं। श्रीकृष्ण मौन प्रिय हैं, तो अत्यंत वाचाल भी हैं। श्रीकृष्ण रमण विहारी हैं, तो अनासक्त योग के उपासक भी हैं। श्रीकृष्ण में सब कुछ है, और सम्पूर्ण रूप में है। सम्पूर्ण त्याग- सम्पूर्ण विलास। सम्पूर्ण ऐश्वर्य- सम्पूर्ण लौकिकता। सम्पूर्ण मैत्री - सम्पूर्ण शत्रुता अर्थात बैर। सम्पूर्ण आत्मीयता -सम्पूर्ण अनासक्ति। महाभारत में अंकित वर्णनों में षोडश कलायुक्त श्रीकृष्ण सत्य में पूजा के योग्य हैं, इसलिए वे उस समय भी आदरणीय व पूज्य माने गए थे। किसी को इज्जत, सम्मान, आदर तभी प्राप्त होता है, जब वह पूज्य हो। श्रीकृष्ण को भी यह इज्जत, सम्मान, आदर का अधिकार उनकी सत्य ज्ञान, सच्ची समझ, और व्यवसायात्मिक बुद्धि के कारण मिली सफलता के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई थी, और तब वे पूजा के योग्य माने गए थे। और सबके आदरणीय बन गए थे। आज भी वे पूज्य हैं, आदरणीय हैं, और सम्पूर्ण विश्व के लोग उन्हें भक्ति व समर्पण भाव से पूजा करते हैं। इसे धर्मोन्नति समझ सदा -सर्वदा कृष्णाराधना, कृष्णनाम, कृष्णकथा, कृष्णभक्ति में लीन रह श्रीकृष्ण नाम- जप- स्मरण करते हैं।

पौराणिक ग्रंथों में अंकित वर्णन के अनुसार वे संसार का आनंद लेने वाले थे, लेकिन मोक्ष के भी अधिकारी थे। इसीलिए वे वासुदेव थे। वासुदेव का अर्थ है- वे संसार की सभी वस्तुओं का आनंद लेते हैं, फिर भी वे मोक्ष के अधिकारी हैं। वसुदेव पुत्र वासुदेव असाधारण महामानवीय शक्तियों और उपलब्धियों के स्वामी थे। वासुदेव इतने शक्तिशाली थे कि सहस्त्रों लोग उनकी एक दृष्टि से ही डर जाया करते थे। सोलह हजार रानियाँ होने के बाद भी वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी थे। अर्थात उनका हर क्षण- प्रतिक्षण भाव और समर्पण ब्रह्मचर्य के लिए ही था। उनके प्रारब्ध कर्म अब्रह्मचर्य के दिखाई देते थे, लेकिन उनके अंदर के भाव शुद्ध और सदैव ब्रह्मचर्य के समर्थक थे। जैसे कोई चौर्य कर्म करता है, लेकिन उसके भीतर के भाव अचौर्य अर्थात चोरी नहीं करने वाले हों। ऐसे ही भाव नैष्ठिक होते हैं। अंतर्मन से ही आने वाले भाव से ही आगामी जीवन के नए कर्म बंधते हैं। बाहर के कर्मों के साथ ही अंदर के भाव होते रहते हैं।

सभी वस्तुओं को पाँच इंद्रियों से ही देखा अथवा अनुभव किया जाता है कि उनका आगामी जीवन के कर्म के खाते के लिए कोई महत्व है अथवा नहीं है। ऐसे ही नैष्ठिक भाव से सम्पन्न भगवान श्रीकृष्ण की आत्मा जागृत हो गई थी। इसीलिए वे नर से नारायण बन गए। यह नैष्ठिक भाव श्रीकृष्ण को सम्यक दर्शन से प्राप्त था। श्रीकृष्ण सुदर्शन चक्र धारी थे। और अपने सीधे हाथ की छोटी ऊँगली पर एक घूमता हुआ पहिया के समान सुदर्शन चक्र धारण किया करते थे। सुदर्शन चक्र अर्थात सम्यक दर्शन अर्थात आत्म साक्षात्कार। दर्शन अर्थात दृष्टि, और सुदर्शन अर्थात सही दृष्टि। अर्थात मैं शुद्धात्मा हूँ, का दर्शनभाव। मैं शरीर नहीं बल्कि आत्मा हूँ- यह सही दृष्टि है। अज्ञानता के कारण ही लोग नाम से पहचाने जाने वाले इस शरीर व नाम के साथ इस संसार में भ्रांत और गलत दृष्टि से अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं कि मैं शरीर हूँ, अथवा मैं नामधारी हूँ। लेकिन जब आत्म साक्षात्कार होता है, तब सुदर्शन, अज्ञानता का नाश करके सही दृष्टि स्थापित होती है।

श्रीकृष्ण की सोलह हजार रानियाँ थीं, और उनका जीवन भी वैभवशाली था, फिर भी उनकी सम्यक दृष्टि के कारण वे इन सभी सांसारिक वैभव से हमेशा अलिप्त रहे। बाहर से संसारिक कार्यों में लिप्त होते हुए भी, अंदर से वे हमेशा जागृतावस्था में रहते थे कि शरीर पृथक है, और मैं शुद्धात्मा हूँ। मैं किसी भी क्रिया का कर्ता नहीं हूँ। उनका भौतिक शरीर कर्मों के नियम से अलिप्त नहीं था। इसीलिए वे कर्मों के प्रभाव से अलिप्त नहीं थे, लेकिन जब उनके प्रारब्ध से वैभवशाली जीवन और अनेकों पत्नियाँ आईं, तब भी वे हमेशा इसी जागृति में रहते थे कि मैं शुद्धात्मा हूँ। जैनी मान्यता है कि यह सम्यक दर्शन अर्थात आत्म साक्षात्कार उन्हें भगवान नेमिनाथ से प्राप्त हुआ था। मान्यता है कि योगेश्वर कृष्ण अपने अगले जन्म में तीर्थंकर बनकर वापस आएँगे और करोड़ों लोगों को सही दृष्टि देकर मोक्ष की ओर ले जाएँगे। कन्हैया, श्याम, गोपाल, केशव, द्वारकेश या द्वारकाधीश, वासुदेव आदि नामों से संज्ञायित श्रीकृष्ण सोलह कलाओं- श्री धन संपदा, भू संपत्ति, कीर्ति संपदा, वाणी की सम्मोहकता, लीला की कला, कान्ति, विद्या, विमला, उत्कर्षिणि शक्ति, नीर-क्षीर विवेक, क्रिया कर्मण्यता,, योगशक्ति, विनय, सत्य धारणा, आधिपत्य, अनुग्रह क्षमता- कलाओं के ज्ञाता थे, वे इन कला गुणों से सम्पन्न थे। कला अर्थात विशेष प्रकार का गुण। भारतीय परंपरा में कलाएं सोलह प्रकार की मानी गई हैं। इन कलाओं के बल पर मनुष्य समाज में अपना एक अलग पहचान बनाने में समर्थ होता है। साधारण मनुष्य में अधिकत्तम पाँच कलाएं होती हैं। श्रेष्ठ मनुष्य में अधिकतम आठ कलाएं होती हैं। लेकिन प्रजा को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए माता देवकी के गर्भ से जन्म लेने वाले श्रीकृष्ण में सोलह कलाएं पाई जाती हैं। इसलिए वह सर्वज्ञानी और ब्रह्माण्ड के ज्ञानी कहलाते हैं। उन्हें षोडश कलायुक्त कहा गया है, जबकि विष्णु के अवतार भगवान श्रीराम बारह कलाओं का ही ज्ञान रखते थे।

श्रीकृष्ण संबंधी महाभारत व पौराणिक ग्रंथों में अंकित वर्णनों के समीचीन अध्ययन से स्पष्ट होता है कि श्रीकृष्ण मन, वचन और कर्म से भी धनी थे। उनके घर से कोई भी खाली हाथ वापस नहीं जाता था। उन्होंने अपने परम मित्र सुदामा को धन-धान्य से सम्पन्न कर दिया था। भगवान श्रीकृष्ण ने भू संपदा कला से पूर्ण होने के कारण ही द्वारका में विभिन्न झंझावातों के बाद भी वहाँ का राज-पाठ सुचारुपूर्वक संभाला था। जन कल्याण कार्यों में हमेशा आगे रहने के कारण ही श्रीकृष्ण लोकप्रियता व विश्वसनीयता को प्राप्त कर लोक में ख्याति, संसार में प्रसिद्धि प्राप्त कर कीर्ति संपदा सम्पन्न माने जाते हैं। वाणी की सम्मोहकता के गुण से परिपूर्ण श्रीकृष्ण अपनी वाणी सम्मोहन कला से सबका मन मोह लेते हैं। इसलिए उन्हें मोहन भी कहा जाता है। अपने जीवन में श्रीकृष्ण के द्वारा की गई लीलाओं की कलाओं के दर्शन मात्र से ही आनंद की प्राप्ति होती है।

श्रीकृष्ण के मुखमंडल अर्थात चेहरे पर अवस्थित कांति से नजरें हटाने का मन नहीं करता। दर्शन मात्र से दर्शक सुध-बुध खोकर उनके हो जाते हैं। उनके रूप सौंदर्य से प्रभावित हो जाते हैं। वे सभी प्रकार की विद्याओं में निपुण, वेद-वेदांग, युद्ध और संगीत कला इत्यादि में पारंगत थे। वे मन में कोई छल- कपट नहीं रखने वाले सभी के लिए निष्पक्ष भाव रखने वाले विमला कला से युक्त थे। उनमें उत्कर्षिणि शक्ति अर्थात लोगों को उत्प्रेरित करने, लक्ष्य पाने के लिए प्रोत्साहित करने की अद्भुत क्षमता थी। अपनी उत्कर्षिणि शक्ति के बल पर ही उन्होंने महाभारत की युद्धभूमि में तीर-धनुष रख चुके अर्जुन को युद्ध के लिए प्रेरित किया था। श्रीकृष्ण ने अपने नीर-क्षीर विवेक कला के ज्ञान से न्यायोचित फैसले लेकर धर्मच्युत हो रहे लोगों को सनातन वैदिक धर्म पर आरूढ़ कराने में सफलता पाई थी। अपने विवेक से लोगों को सही मार्ग सुझाने में सक्षमता प्रदर्शित कर उन्होंने विवेकशील होने का कई बार प्रदर्शन किया था।

वे सिर्फ उपदेश देने में ही नहीं बल्कि स्वयं भी कर्मठता प्रदर्शित करने अर्थात क्रिया कर्मण्यता में विश्वास रखते थे। अपनी योगशक्ति से वे आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की कला में भी निपुण थे। वे सर्वज्ञानी, सर्वशक्तिमान होकर भी अहंकार भाव से नितांत दूर विनयशीलता की प्रतिमूर्ति थे। कठिन से कठिन परिस्थियों में भी सत्य का साथ नहीं छोड़ने वाले सत्य धारणा के ज्ञान से परिपूर्ण श्रीकृष्ण सत्यवादी थे। कटु सत्य बोलने से भी गुरेज नहीं था। श्रीकृष्ण जोर-जबरदस्ती से किसी पर अपना आधिपत्य जमाने की प्रवृति के विरोधी थे। लोगों को जिनके आधिपत्य में सुरक्षा और संरक्षण मिलने की उम्मीद हो, उसे स्वयं अपना स्वामी मान लेने के लिए वे कहते थे। दूसरों के कल्याण में हमेशा लगे रहने की अनुग्रह क्षमता के कारण ही वे सदा परोपकार के कार्यों में ही संलग्न रहते थे। सहायता के लिए उनके पास पहुँचने वाला व्यक्ति की वे अपने सामर्थ्यानुसार सहायता करते थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण आज भी लोग श्रीकृष्ण का नाम, जप, स्मरण नित्यप्रति किया करते हैं।

# रीवा में दुकान संचालक को पार्टनर ने दिया धोका पार्टनर ने ही दुकान से कर दिया लाखों का सामान पार

## चोरहटा थाना के पुलिस अधिकारियों पर युवक ने लगाया गंभीर आरोप,एक पत्रकार के इशारों पर चलता है थाना, थाने में नही हो रही कोई कार्यवाही, युवक लगा रहा न्याय की गुहार






**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**

रीवा। खबर मध्यप्रदेश के रीवा जिले से है, जहां दुकान संचालक को उसी के पार्टनर के द्वारा धोका देकर लाखो का सामान चोरी कर बेंच लेने की घटना सामने आ रही है , मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम वॉर्ड नंबर 04 चोरहटा निवासी शंभू तिवारी पिता - रामशियम्बर तिवारी की दुकान चोरहटा सतनाम पेट्रोल पंप के बगल में संचालित है, पीड़ति ने बताया कि मैं एक बेरोजगार युवक हू, मेरे पास कोई नौकरी न होने के कारण मैंने पार्टनरशिप में दुकान खोली। मेरे और मेरे माता- पिता के पास जितनी जमा पूंजी थी, मैंने उसे उस दुकान में लगा दिया था। 3 महीने पहले मेरी अचानक बहुत ज्यादा तबियत बिगड़ जाने के कारण मैं रीवा के मिनर्वा हॉस्पिटल में 5 दिन के लिए एडमिट था ,इसी बीच मेरे पार्टनर रावेंद्र पटेल पिता - रमेश पटेल निवासी सतपुड़ा ढ्ढ्ढ्ढ के सामने चोरहटा के द्वारा दुकान का पूरा सामान चोरी कर बेंच लिया गया। क्युकी रावेंद्र पटेल के द्वारा बताया गया था की दुकान में चोरी होगई है, लेकिन दुकान का ताला नही टूटा , सिर्फ पीछे से प्लाई की फटकी को तोड़ा गया। पीड़ति ने बताया कि दुकान से ऐसे समान भी चोरी होगए जो सिर्फ सटर के माध्यम से ही बाहर निकाले जा सकते है। पीड़ति ने बताया की आस- पास के लोगो द्वारा बताया गया की, मेरे पार्टनर रावेंद्र के द्वारा समान ले जाया गया है।

**चोरहटा थाने में नही लिखी जा रही शिकायत-** पीड़ित ने बताया की जब चोरी की शिकायत मैं चोरहटा थाने में करने पहुंचा तो पुलिस अधिकारी के द्वारा आवेदन लेकर कार्यवाही करने को कहा गया,लेकिन आज 3 महीने हो गया लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। पुलिस अधिकारियों के द्वारा दिन भर में 4 बार बुलाया जाता है की सुबह इतने बजे आओ,दोपहर को आओ,शाम को आओ,रात में आओ आज 3 महीने से यही चल रहा है। थाने में सुनवाई न होने के बाद पीड़ति द्वारा और भी जगह आवेदन दिया गया है, लेकिन किसी तरह की कोई कार्यवाही नही हो रही। टी आई साहब के द्वारा यह बोला जाता है,की मेरे पास सिर्फ इतना ही काम नही है,की मैं तुम्हारी कार्यवाही करवाऊ। जबकि आईपीसी की धारा 379 के तहत चोरी दंडनीय अपराध है।चोरी होने पर पुलिस एफआईआर दर्ज करने से इनकार नहीं कर सकती। सीआरपीसी की धारा 154 के तहत पुलिस की ये ड्यूटी है कि गंभीर अपराधों के मामले में एफआईआर दर्ज करे। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में ललिता कुमारी बनाम यूपी सरकार के मामले में गाइडलाइंस तय किया था कि किसी भी गंभीर अपराध के बारे में शिकायत मिलने पर पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी ही होगी। फिर भी थानों में शिकायत दर्ज नही की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के द्वारा कोर्ट के आदेश कि सीधे अवहेलना की जा रही है।

**पीड़ति ने पुलिस अधिकारियों पर लगाया गंभीर आरोपृ**पीड़ति ने बताया की मेरे द्वारा इसकी शिकायत 181 में 3 बार की गई है, लेकिन चोरहटा थाने में पदस्थ द्वारिका पटेल के द्वारा हर बार कार्यवाही करने को बोलकर शिकायत को बंद करवा दिया गया, सबूत के तौर पर पीड़ति के पास द्वारिका पटेल की कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। पीड़ित ने बताया की जब थाने जाकर टी आई साहब से मिलता हू, टी आई साहब कहते है,की द्वारिका पटेल आ जाए जो चोरहटा थाने में ही पदस्थ है, और जब द्वारिका पटेल से मिलते है, तो बोला जाता है, की टी आई साहब आ जाए, हमको बोल दे तो फिर हम कार्यवाही करते है।आज 3 महीनो से यही चल रहा है। दिन भर में 4 बार थाने बुलाया जाता है, लेकिन कोई कार्यवाही नही की जाती।

**एक पत्रकार के इशारों पर चल रहा है,चोरहटा थाना-**पीड़ति ने बताया की एक पत्रकार है, जिसके इशारों पर चोरहटा थाना चलता है,जो यह पत्रकार कहता है, वही चोरहटा थाने में होता है,पीड़ति ने यह भी बताया है की जो पत्रकार है वह मेरे पार्टनर का परम मित्र है। आखिर ऐसी क्या वजह हो सकती है कि एक पत्रकार के इशारों पर चोरहटा थाना चल रहा है। पता नही और कितने ऐसे पीड़ति है जो थानों के चक्कर लगा रहे है, लेकिन उनकी कार्यवाही नही की जा रही है। रीवा जिले में अब ऐसा आलम होगया है, कि थानों में रिपोर्ट ही दर्ज नही की जा रही है, अगर ऐसा ही चलता रहा तो लोगो को थानों पर विश्वास ही नहीं रहेगा। आने वाले समय मे लोगो को ऐसा लगने लगेगा, कि थाना जाने से क्या मतलब जब चक्कर काटते- काटते थक जायेंगे लेकिन कार्यवाही तो होगी नही। आम आदमी अपनी शिकायतो को लेकर न्याय के लिए किसके पास जाए।

# आयुष्मान मेले में बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

*आयुष्मान भव अन्तर्गत सतना जिले में आयोजित हो रहे आयुष्मान मेले में हितग्राहियों के आयुष्मान भारत कार्ड भी बनाये जायेंगे। सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला के लिए संबंधित बीएमओ को मेला प्रभारी बनाया गया है। स्वास्थ्य मेला प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक अनवरत चलेंगे। देवराजनगर मेले के लिए बीएमओ डॉ. आलोक अवधिया, रामपुर बघेलान में डॉ. आरके सतनामी, कोठी में डॉ. अलका माहुले, मझगवां में डॉ. एसके वर्मा, नागौद में डॉ. प्रमोद प्रजापति, उचेहरा में डॉ. एके राय और मैहर में बीएमओ डॉ. ज्ञानेश गौतम स्वास्थ्य आयुष्मान के मेला अधिकारी होंगे।*

# मऊगंज में मुस्लिम परिवार पर टूटा कहर, आकाशीय बिजली गिरने से मां और बेटे की हुई मौत, पसरा मातम

**ब्यूरो चीफ रीवा**

रीवा। आकशीय बिजली गिरने से मुस्लिम परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई. बताया गया कि घर के बाहर निकले हुए थे तभी घर के ठीक सामने आकाशीय बिजली गिरने के कारण दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जानकारी दी गई कि जब बारिश प्रारंभ हुई तो मां और बेटे घर के अंदर थे जैसे ही बारिश खत्म होती है। तो दोनों बाहर आ जाते हैं तभी आकाशीय बिजली कड़कती है, मृतक मां और बेटे जमीन पर गिर जाते हैं। घर के अन्य सदस्यों ने जब यह देखा तो तत्काल पहुंचे तब तक देर हो चुकी थी, यह घटना 7 सितंबर के दोपहर 2ः00 बजे के आसपास घटी है,





**क्या है पूरा मामला-**मऊगंज जिला के हनुमना थाना अंतर्गत हाटा चौकी के ग्राम लोढ़ी के घोरहटा टोला में आज दोपहर 2ः00 बजे एक बड़ी घटना घट गई जहां एक ही परिवार के दो सदस्यों की आकाशीय बिजली गिरने के वजह से मृत्यु हो गई, आकाशीय बिजली की चपेट में आए मृतका रुकसाना बानो 35 वर्ष और कौनल रजा उम्र लगभग 10 वर्ष बताई गई, लोढ़ी सरपंचपति संजय पाल ने बताया कि बारिश बंद हुई तब मां और बेटे घर से बाहर निकले तभी मौत बनकर आई आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए. ठीक उनके घर के सामने आकाशीय बिजली गिरी जिसके वजह से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वही शव को सिविल अस्पताल हनुमना ले जाए जा रहा। **दोपहर हुई ये बड़ी घटना-**आपको बता दें 7 सितंबर की सुबह से ही आज बारिश और आकाशीय बिजली का दौर शुरू रहा जहां दोपहर 2ः00 बजे ग्राम लोढ़ी में मां और बेटे की मृत्यु हो गई, बताया गया की बारिश रुक-रुक कर हो रही थी। जिसके वजह से मां और बेटे घर के बाहर निकल आए इसके कुछ देर बाद ही घर के ठीक सामने आकाशीय बिजली गिरी, घर के आंगन में मौजूद मां और बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वही परिवार में मातम पसर गया है। दोनों शव को सिविल अस्पताल हनुमना ले जाया जा रहा,

# जन आशीर्वाद यात्रा पहुंची सिरमौर, विशाल अपार जन समुदाय ने किया रथ यात्रा का भव्य स्वागत

## विधायक दिव्यराज सिंह एवं सिरमौर नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह के नेतृत्व में हुआ रथ यात्रा का भव्य स्वागत

**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। 3 सितंबर को जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कामतानाथ स्वामी के धाम चित्रकूट से किया गया था जहां चौथे दिन विधानसभा सिमरिया का भ्रमण करते हुए जन आशीर्वाद यात्रा सिरमौर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया ! जहां विधायक दिव्यराज सिंह ,नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह के नेतृत्व में रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया! स्वागत पश्चात रथ में सवार संभागीय यात्रा प्रभारी सतना सांसद गणेश सिंह रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय सिंह,का भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात विधायक दिव्यराज सिंह रथ पर सवार होकर रथ की अगुवानी की ! जहां रथ यात्रा के आगे युवा मोर्चा की सैकड़ो बाईक रैली में कार्यकर्ता आगे चल रहे थे वही फोर व्हीलर गाड़ियों का रेला लगा रहा! ग्राम मरैला पडरी,सीएम राइस स्कूल के पास, रथ यात्रा में सवार अतिथि गणों का लाडली बहनों ने फूल वर्षा कर स्वागत किया! इसके पश्चात नगर परिषद अंतर्गत दीनदयाल पार्क में मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा सिरमौर पहुंची! जहां रथ यात्रा का भव्य स्वागत सिरमौर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दिव्यराज सिंह के मार्गदर्शन में नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय सोनी, के नेतृत्व में आशीर्वाद यात्रा में पधारे अतिथिगणो का गजमाला पहना कर भव्य स्वागत समस्त मोर्चा के अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता गणों ने किया ! दीनदयाल पार्क में आयोजित मंचीय सभा में जहां अपार जनसमूह ने रथ यात्रा में सवार सभी शिवराज सिंह चौहान के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए लाभ लेने को कहा ! इन योजनाओं से करोड़ों



अतिथि गणों का फूलों वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया! वहीं मंच के माध्यम से सभी सम्मानित वक्ताओं ने अपने उद्बोधन से जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए मोदी सरकार एवं मुख्यमंत्री लोग लाभान्वित हुए हैं सिरमौर विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों एवं आगामी प्रस्तावित विकास कार्यों को पूर्ण करने पुनः सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह के लिए जनता जनार्दन का आशीर्वाद मांगा! जहां अपार जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हाथ उठाकर सबका साथ सबका विकास, फिर एक बार भाजपा सरकार, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, शिवराज सिंह जिंदाबाद , दिव्यराज सिंह जिंदाबाद के नारे से पंडाल गूंज उठा! जन आशीर्वाद यात्रा के संभागीय प्रभारी सांसद सतना गणेश सिंह , रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा , मध्य प्रदेश शासन के जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ला, रीवा के पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता जन आशीर्वाद यात्रा के संभागीय सदस्य राजगोपाल चारी मिश्रा , जिला अध्यक्ष अजय सिंह रथ पर सवार रहे।

**बारिश में भीगते पंडाल में बैठे रहे जनसमूह को नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा धन्यवाद-**जन आशीर्वाद यात्रा में पधारे सभी अतिथि गणों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता के लिए सिरमौर नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह ने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के सभी जनता जनार्दन एवं सहयोग करने वाले सभी सम्माननीय नगर परिषद के जनप्रतिनिधि गण, समाजसेवी, एवं भाजपा से जुड़े हुए समस्त मोर्चा के पदाधिकारी , गणमान्य नागरिक,एवं कार्यकर्ता बंधुओं का हदय से बहुत-बहुत धन्यवाद दिया ! वहीं अपने संदेश में श्री सिंह ने कहा कि सबके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ! आगे भी आप सभी के सहयोग से आने वाले समस्त कार्यक्रम संपन्न होंगे! और सिरमौर के विकास में आप सबका सहयोग प्राप्त होगा!

# विद्युत कटौती के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस आज देगी ज्ञापन रिपोर्टर गौरव शर्मा

कैलारस प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर नगर एवम ग्रामीण में हो रही विद्युत कटौती के विरोध में 8 सितंबर को सुबह 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कैलारस के कार्यकर्ताओं द्वारा एक ज्ञापन विद्युत मंडल कैलारस के अधिकारियो को सोपा जायेगा उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दुबे ने देते हुए सभी सम्मानीय वरिष्ट कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस,सेवादल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ,अल्पसंख्यक कांग्रेस ,अनुसूचित कांग्रेस,मंडल सेक्टर अध्यक्ष, पार्षद,पूर्व पार्षद,स्थानीय जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी गण एवं सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्षों से अपील की हे कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव माननीय श्री रणदीप सुरजेवाला जी( प्रभारी मध्य प्रदेश) एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही विद्युत कटौती के विरोध में व आम उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिजली के बल दिए जा रहे हैं, व आम नागरिक एवं किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विद्युत मंडल कैलारस पर धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। सभी सम्मानीय नेतागणों से अपील कर रहा हूं कि ज्यादा से ज्यादा संख्याओं उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं

# लिटिल वैली इंग्लिश हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव रिपोर्टर गौरव शर्मा



कैलारस । जन्माष्टमी के पावन पर्व लिटिल वैली स्कूल के बच्चों ने बड़ी धूमधाम के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया इसमें श्री कृष्ण की विभिन्न जातियों का आयोजन रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल रही सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई साथ में स्कूल के डायरेक्टर श्री गौरव बंसल, हर्षित बंसल प्रिंसिपल श्रीमती हिमानी दंडोतिया उपस्थिति रही इसमें श्री कृष्ण का कारागार में जन्म, यशोदा मैया के विभिन्न रूपों के प्रदर्शन के साथ साथ श्री कृष्ण के बाल सखाओ के साथ गोपियां ,सुधामा चरित्र एवं माखन चोरी के विभिन्न झांकियां का सजीव चित्रण किया गया । इसके साथ-साथ बच्चों ने श्री कृष्णा के पात्र के साथ-साथ मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसके चार मंजिल की ऊंचाई पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा और ऊर्जा दिखाई !

# 22 सौ बहिनों से राखी बंधवाकर जनपद सदस्य ने लिया आशीर्वाद

## जनपद सदस्य ने रक्षाबंधन से कृष्ण जन्माष्टमी तक जनपद के सभी गांव में पहुंचकर बहनों से बंधवाई राखियां

**दैनिक पुष्पाजली टुडे**





गोहद। जनपद पंचायत गोहद के जनपद सदस्य थान सिंह गुर्जर जनपद भगवांसा वार्ड 16 ने रक्षाबंधन के पर्व से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक डोर टू डोर जनपद के प्रत्येक गांवों में घर-घर पहुंचकर 2200 बहनों से राखी बंधवाकर उनका आशीर्वाद लिया। जिनमें सर्वप्रथम मदनपुर, मदनपुर कॉलोनी, श्यामपुरा, पलिया, हसेलियापुरा, छोटी कॉलोनी, जटपुरा, धमसा, जटपुरा कॉलोनी, भगवासा, चंदहारा आदि गांवों में घर-घर पहुंच कर बहनों से तिलक करवाकर राखी बंधवाई इस दौरान जनपद सदस्य थान सिंह उर्फ थानू गुर्जर ने बहनों का आशीर्वाद लेते हुए कहा के मेरा सभी बहनों से बांधा है कि यह भैया आपके सुख-दुख में हमेशा साथ निभाएगा, यदि बहनों को कोई परेशानी आएगी तो हमेशा उनका साथ देगा। इस दौरान जनपद सदस्य के साथ सुरेंद्र गुर्जर, ओम गुर्जर, सौरभ कंसाना, आमिर खान, राहुल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सौतेले भाई ने नाबालिक बहन को बनाया हवस का शिकार नाबालिक ने बच्चों को दिया जन्म

**ब्यूरो चीफ रीवा**



रीवा। भाई बहन के पवित्र रिश्ते को शर्मसार करते हुए एक सौतेले भाई ने अपनी 15 वर्षीय बहन को हवस का शिकार बनाया लगातार शारीरिक संबंध बनाने से नाबालिक गर्भवती हो गई इसके बाद नाबालिक ने एस जी एम एस में एक बच्चे को जन्म दिया घटना गुड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की है घटना की शिकायत पीड़िता ने गुड़ पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है पुलिस ने बलात्कार का मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी। गांव में पिता के साथ रहती थी नाबालिक बालिका जानकारी के अनुसार गुड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी परिवार की नाबालिक बालिका अपने पिता के साथ रहती थी सूत्रों के मुताबिक मां ने दूसरी शादी कर ली थी इसी बीच रिश्ते के सौतेले भाई ने उसके साथ अवैध संबंध बनाना शुरू कर दिया जब भी वह उसका विरोध करती वह उसे डरा धमकाकर शांत कर देता था जब वह गर्भवती हो गई तो मामला सामने आया बहरहाल पुलिस ने आरोपी को अपनी कस्टडी में लेकर जांच शुरू कर दी है वही नाबालिक के बयान के आधार पर कार्रवाई की जा रही है

**थाना प्रभारी का क्या कहना है-**जब इस मामले में थाना प्रभारी विकास कपीस से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि नाबालिक बालिका से बलात्कार का मामला सामने आने के बाद आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है नाबालिक के बयान के आधार पर तत्काल गुड़ पुलिस ने धारा 376 और पास्को एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## सार समाचार

### कांग्रेस ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित की भाजपा की पाप की मटकी फोड़ प्रतियोगिता

मुरैना। जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के नेतृत्व में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भाजपा सरकार की पाप की मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाजपा सरकार की पाप की मटकी फोड़ प्रतियोगिता को देखने के लिए सैंकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ आई। प्रतियोगिता को देखने में इतना उत्साह नजर आया कि मुरैना शहर की कई बालक, बालिकाओं, महिलाओं सहित कई कांग्रेसियों ने भाग लिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता मे नियम आउट लाइन बनाई गई, जिसमें कई भाग लेने वाले प्रतिभागी आउट लाईन से बाहर होकर आउट गए, लेकिन अंबाह कांग्रेस के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता वीरेंद्र सखवार ने भाजपा की पाप की मटकी फोड़ी, जिसके उपहार स्वरूप 1500 रूपए की इनाम दी गई। उक्त प्रतियोगिता में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मधुराज तोमर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर दीपक शर्मा, मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, मुरैना महापौर शारदा सोलंकी, मुरैना विधायक राकेश मावई, संगठन मंत्री ग्रामीण सुभाष सिंह सिकरवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव, वीरेंद्र हर्षाना, डॉ. राकेश महेश्वरी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र डंगस, प्रवक्ता हरीश पाठक, शहर जिला उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, जसवीर गुर्जर, विक्रम मुदगल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम हाउस से प्राप्त 40 शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना सीएम हाउस कार्यालय भोपाल से जिले अंतर्गत अनुभाग रामपुर बाघेलान एवं सतना शहर के रहवासियों एवं हितग्राहियों के द्वारा की गयी विभिन्न विषयों से संबंधित प्राप्त 40 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया है। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा शिकायत के त्वरित एवं उचित निराकरण कराये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी रामपुर बाघेलान तथा आयुक्त नगर पालिक निगम सतना को निर्देशित किया गया। निर्देश प्राप्ति के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी रामपुर बाघेलान और आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा जांच दल के माध्यम से तत्काल विभिन्न विषयों की शिकायतों की जांच करायी गयी और शिकायतों का शीघ्र समाधान कराया गया। अनुभाग रामपुर बाघेलान एवं नगर निगम सतना अंतर्गत कुल 40 शिकायतों का निराकरण किया गया। शिकायतों के त्वरित निराकरण कराये जाने की कार्यवाही से सभी शिकायतकर्ता पूर्णतः संतुष्ट है।

### शिकारी की गोलीबारी से लकड़ी बीन रहे ग्रामीण की मौत

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस बता रही मामले को संदिग्ध

मुरैना। जंगल में वन्यजीवों का शिकार करने आए शिकारियों द्वारा एक मजदूर की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना सामने आई है। सूचना मिलने के बाद निरार थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी शिकारी की तलाश शुरू कर दी है। मामला निरार थाना क्षेत्र के जंगल का है। बताया जाता है कि उदुआपुरा (टिकटौली) निवासी रोशनलाल कुशवाह बुधवार की सुबह जंगल में लकड़ी वीनने के लिए गया था, तभी जंगल में वन्य जीवों का शिकार करने आए एक दर्जन से अधिक शिकारियों ने शिकार पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। इस दौरान गोली वन्य जीव की जगह जंगल में लकड़ी बीन रहे अधेड़ रोशनलाल कुशवाह की कमर में जा धसी, जिस वजह से लकड़ी बीनने गए मजदूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी शिकारी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश पुलिस जंगल में कर रही है। हालांकि चर्चाएं तो यह भी है कि वन्य जीवों का शिकार करते शिकारियों को मजदूर ने देख लिया था, यही वजह से आरोपी शिकारीयों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। निरार थाना प्रभारी पीएस यादव का कहना है कि सूचना मिली थी कि फोदी पुरा और उदुआ पुरा के एक दर्जन के लगभग ग्रामीण शिकार खेलने के लिए जंगल गए थे, इस दौरान गोली एक व्यक्ति को लग गई है, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिस पर निरार थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच प्रारंभ कर दी है। मौके पर एसडीओपी कैलारस रवि सोनेर ने भी पहुंचकर वास्तुस्थिति का जायजा लिया, वहीं परिजनों ने गांव फोदीपुरा निवासी हरीसिंह कुशवाह पर हत्या का आरोप लगाया है। इधर पुलिस अभी मामले को संदिग्ध बता रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गया है तथा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एशियाई खेलों में इस बार सौ पदक पक्के: खेल मंत्री



**नई दिल्ली ■** 'इस बार सौ पार', के नारे के साथ केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 'न्यू इंडिया' की भावना पर बल देते हुए 19वें एशियाई खेलों के समारोह के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई पोशाक और प्लेयर्स किट का अनावरण किया। इस अवसर पर आईओए अध्यक्ष पीटी उषा और वरिष्ठ अधिकारियों ने एशियाई खेलों के लिए भारत के अब तक के सबसे बड़े दल की भव्य विदाई समारोह की घोषणा की और कहा कि भारत चीन के शहर हांग्जो में होने वाले एशियाई खेलों के लिए 38 खेल विधाओं में 634 एथलीट भेज रहा है, जोकि अब तक का सबसे बड़ा दल है। 2022 के एशियाई खेल 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक आयोजित किए जाएंगे। वर्षों से भारतीय खिलाड़ी एशियाई खेलों में भाग लेते आ रहे हैं लेकिन ऐसा पहली बार देखने में आया है कि खेल मंत्री, आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा, खेल संघों के पदाधिकारी और खिलाड़ी चीन की मेजबानी में आयोजित होने वाले खेलों से सौ पदक जीत लाने का दावा करते देखे गए। हर कोई आत्मविश्वास से भरा दिखाई दिया और सभी डंके चोट पर सौ पदक जीत जीत लाने का दम भरते देखे गए। हालांकि कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने पूछे जाने पर टालू जवाब दिए। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और पीटी ऊषा ने सरकार द्वारा खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधाओं का जमकर बखान किया और कहा कि पिछले कुछ सालों में हमारे खिलाड़ियों ने बड़ी कामयाबी पाई है, जिसका असर एशियाई खेलों में देखने को मिलेगा।

समारोह में भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश (पुरुष), सविता पुनिया (महिला), युवा शूटिंग स्टार मनु भाकर और 2018 एशियाई खेलों के शॉटपुट स्वर्ण पदक विजेता तजिंदरपाल सिंह तूर और कई अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) द्वारा विशेष रूप से डिजाइन की गई, समारोह में पहने जाने वाली पोशाक में महिलाओं के लिए खाकी बनावट वाली साड़ी और पुरुष खिलाड़ियों के लिए खाकी कुर्ता शामिल है।

आईओए अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दल का प्रत्येक सदस्य भारत को गौरवान्वित करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास करेगा। हमारा मानना है कि इस दल में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और अब तक सबसे अधिक संख्या में पदक दिलाने की भी क्षमता है। 2018 में आयोजित एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में भारतीय दल ने 16 स्वर्ण सहित 70 पदक जीते थे। जेएसडब्ल्यू इंस्पायर, रिलायंस फाउंडेशन, अदाणी स्पोर्ट्सलाइन और सैमसोनाइट 2022 एशियाई खेलों के लिए टीम इंडिया के प्रमुख स्पांसर हैं जबकि बोरोसिल, स्केचर्स, अमूल, एसएफए, आईनॉक्स ग्रुप और द लीला पैलेस होटेल्स एंड रिसॉर्ट्स ने एसोसिएट स्पॉन्सर और पार्टनर के रूप में हाथ मिलाया है। खेल मंत्री ने इस अवसर पर अपनी सरकार की उपलब्धियों को खिलाड़ियों की कामयाबी के साथ जोड़ते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारे खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा, प्रज्ञानानंद, एथलीटों, पहलवानों, मुक्केबाजों, फुटबाल टीम, हॉकी और तमाम खेलों में मिली कामयाबी का ही नतीजा है कि भारत सबसे बड़ा दल भेज रहा है। लेकिन इंडिया और भारत पर बोल कर उन्होंने समारोह को चतुराई से राजनीतिक रंग भी दे दिया।

## अगला विश्व कप खेल सकते हैं मेसी

**ब्यूनस आयर्स ■** अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन अपने स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी को 2026 विश्व कप तक अर्जेंटीना के लिए खेलने के लिये मनायेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया ने कहा कि मेसी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का विस्तार करने की संभावना से इंकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपना मन बदलने के लिए आश्वस्त किया जा सकता है। तापिया ने मंगलवार को ब्यूनस आयर्स में स्पोर्ट्स लीडर्स समिट के दौरान कहा,वह हमेशा अधिक का लक्ष्य रखता है।

वह कभी हार नहीं मानता और हमेशा आपको आश्चर्यचकित करता है। अपने मौजूदा फॉर्म में मेस्सी आसानी से 2026 विश्व कप में खेल सकते हैं। 39 वर्षीय मेसी ने पिछले साल कतर में एल्बीसेलेस्टे को तीसरी विश्व कप ट्रॉफी दिलाई थी। उन्होंने पिछले महीने फ्लोरिडा की टीम को लीग कप खिताब दिलाया जो क्लब की पहली ट्रॉफी थी। तापिया ने कहा कि मेसी को यह चुनने का अधिकार है कि उन्हें अपना अंतरराष्ट्रीय करियर कब समाप्त करना है। यह उस पर निर्भर करता है। मैं उसे अगले विश्व कप में खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। वह वास्तव में ऐसा कर सकता है।

# जोकोविच और गॉफ यूएस ओपन के सेमीफ़ाइनल में

नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ने यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।



**न्यूयॉर्क ■** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और अमेरिका की युवा खिलाड़ी कोको गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है, वहीं पुरुष डबल्स में भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैम्यू एवडंन के साथ सेमीफाइनल के लिए प्रवेश कर लिया है। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच 47वीं बार किसी ग्रैंड स्लेम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। यूएस ओपन में वह 13वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच 17वीं बार यूएस ओपन में खेल रहे हैं।

महिलाओं में अमेरिकी कोको गॉफ़ ने लातविया की जेलेना ओस्टापेंको पर 6-0, 6-2 की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने वर्ल्ड नंबर-1 स्वितेक को हराने वाली ओस्टापेंको को हराया। मंगलवार देर रात को खेले गए विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में कोको गॉफ ने 2017 फ्रेंच ओपन की विनर जेलेना ओस्टापेंको को सीधे सेटों में हराया। गॉफ ने ओस्टापेंको को 6-0, 6-2 से हराकर पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अमेरिका की 19 वर्षीय गॉफ 2001 में सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी है।

गॉफ ने कहा,मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और मैं बहुत खुश हूं। पिछले साल मैं क्वार्टर फाइनल में हार गयी थी और इस साल बेहतर प्रदर्शन करना चाहती थी। मुझे अभी लंबा सफर तय करना है लेकिन मैं खुश हूं और अगले मैच के लिए तैयारी कर रही हूं। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ का शनिवार को फाइनल में जगह बनाने के लिए इस साल की फ्रेंच ओपन उपविजेता चेक गणराज्य की केरोलिना मुचोवा से सामना होगा। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उनकी जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी जोड़ी नथानिएल लेमन्स और जैक्सन विथ्रो को 7-6 (10), 6-1 से हराया। बोपन्ना और एबडेन इस साल की शुरुआत में विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में

**न्यूयॉर्क,भाषा।** भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने पहले सेट में सात सेट प्वाइंट बचाते हुए नाथनिएल लेमॉस और जेकसन विथ्रो को हराकर अमेरिकी ओपन पुरूष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने अमेरिकी जोड़ी को 7-6, 6-1 से हराया। बोपन्ना और एबडेन विम्बलडन सेमीफाइनल में वेसले कूलहोफ और नील स्कूपस्की से हार गए थे। 43 वर्ष के बोपन्ना के पास अपने केरियर में दूसरी बार ग्रैंडस्लेम पुरूष युगल फाइनल में जगह बनाने का मौका है। वह 2010 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे थे।

## भारतीय जर्सी पहनने पर गर्व महसूस होता है: सुखजीत



**नई दिल्ली ■** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा फॉरवर्ड खिलाड़ी सुखजीत सिंह ने कहा कि 19वें एशियाई खेलों हांगझू 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिये सम्मान की बात है और उन्हे भारत की जर्सी पहनने मात्र की कल्पना ही रोमांचित कर रही है। पहली बार एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, यह अवास्तविक लगता है कि मैं एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं करूंगा। मुझे गर्व है कि मैं 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 में भारत की जर्सी पहनूंगा। मेरे पिता का सपना मुझे उच्चतम स्तर पर खेलते हुए देखना था जो अब साकार होने जा रहा है।

यह एक ऐसा एहसास है जिसे मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। यह सब मेरे ईमानदार प्रयासों और मेरे परिवार के सदस्यों की शुभकामनाओं के कारण है। उन्होने कहा, कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में तैयारियां अच्छी चल रही हैं। हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम वही गलतियाँ दोबारा न करें। मैं पिछले डेढ़ साल से टीम के साथ हूं और टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी बहुत मिलनसार हैं। जब भी हममें से किसी को कोई कठिनाई होती है तो हम हमेशा उनसे संपर्क कर सकते हैं। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लक्ष्य के साथ भारतीय टीम 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने एशियाई खेल अभियान की शुरुआत करेगी।

क्रिकेट विश्वकप

# कुलदीप ने कैसे पासा पलटकर टीम में वापसी की



**कोलंबो ■** करीब दो साल पहले कुलदीप यादव का अंतरराष्ट्रीय केरियर खत्म होता दिख रहा था और आईपीएल में भी पूरे सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें मौका नहीं दिया। लेकिन पिछले साल कुलदीप ने वापसी की और विश्व कप के लिये चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे। उन्हें लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और अनुभवी आफ स्पिनर आर अश्विन पर तरजीह दी गई। आखिर कुलदीप ने 13 वनडे में 23 विकेट लेकर अपना दावा इस कदर पुख्ता जो किया था।

यह पासा आखिर पलटा कैसे। कुलदीप के बचपन के कोच कपिल पांडे इसका श्रेय उनकी प्रतिबद्धता को देते हैं।

उन्होंने कहा, उसका दिल टूट गया था। भारत के लिये खेलना तो छोड़ो, उसे केकेआर में भी मौका नहीं मिल रहा था। एक गेंदबाज के लिये अपने हुनर पर लगातार काम करते रहना जरूरी है। उन्होंने कहा, लेकिन उसने हार नहीं मानी और नेट पर मेरे साथ लंबे समय अभ्यास करता रहा।

हमने कई चीजों पर काम किया। किसी भी क्रिकेटर को ऐसे मार्गदर्शक की जरूरत होती है जिसे इस स्थिति का अनुभव हो और कुलदीप के लिये वह शख्स थे सुनील जोशी। भारत के बायें हाथ के पूर्व स्पिनर ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कुलदीप को महत्वपूर्ण गुर सिखाये। जोशी ने कहा, मैं उस समय चयन समिति में था जब कुलदीप खराब दौर से गुजर रहा था। इतने प्रतिभाशाली गेंदबाज को इस तरह देखना दुखद था। हमने एनसीए में मुलाकात की और आगे की रणनीति बनाई।

उन्होंने कहा, हम तकनीकी पहलुओं पर ही काम कर रहे थे ताकि वह थोड़ी तेज गेंद डाल सके। उसके एक्शन में सुधार की जरूरत थी। उसका फोकस भी भटक गया था लेकिन अब आपको बदलाव नजर आ रहा होगा। आईपीएल में भी केकेआर से दिल्ली कैपिटल्स में आने का कुलदीप को फायदा मिला। पांडे ने कहा, कुलदीप ने मुझे बताया कि दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उसकी काफी हौसलाअफजाई की। एक गेंदबाज के लिये कप्तान और कोच का साथ बहुत जरूरी है। यही वजह है कि वह महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चमका था।

### आईओए ने नियुक्त चारों दल उप प्रमुखों को बदला

**नई दिल्ली ।** भारतीय ओलंपिक संघ ने हांगझोउ एशियाई खेलों के लिये नरिंदर बत्रा की अध्यक्षता वाले पूर्व आईओए द्वारा नियुक्त दल उप प्रमुखों की जगह दूसरे पदाधिकारी नियुक्त कर दिये हैं। बत्रा ने अजय कुमार सिंघानिया (महासचिव, भारतीय बेडमिंटन संघ), स्वप्ना बनर्जी (अध्यक्ष, बंगाल ओलंपिक संघ), गुरूदत्त भाटका (महासचिव, गोवा ओलंपिक संघ) और हरिओम कौशिक (कार्यकारी बोर्ड सदस्य, नेटबॉल महासंघ) को उप दल प्रमुख बनाया था।

### एशियाई खेलों की मशाल रिले आठ सितंबर से शुरू होगी

**हांगझू ■** चीन के हांगझू एशियाई खेलों के लिए मशाल रिले आठ सितंबर को वेस्ट लेक के पास शुरू होगी। हांगझू एशियाई खेलों के मुख्य मीडिया सेंटर में बुधवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गयी।

मशाल रिले अपने अंतिम चरण को पूरा करने के लिए 20 सितंबर को हांगझू लौटने से पहले झेजियांग प्रांत के 11 शहरों हुझोउ, जियाक्सिंग, शाओक्सिंग, निंगबो, झोउशान, ताइझोउ, वेनझोउ, लिशुई, जिंहुआ और क्यूझोउ से होकर गुजरेगी। रिले में कुल 2022 मशालधारक भाग लेंगे। इसके 14 वर्ष के किशोर लेकर 84 वर्ष बुजुर्ग शामिल होंगे।

प्रत्येक स्थान पर रिले मार्गों का डिज़ाइन संबंधित शहरों की अनूठी विशेषताओं, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। मशाल रिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूप से शामिल हैं। इससे पहले 15 जून को एशियाई खेल मशाल संग्रह समारोह के बाद 'डिजिटल टॉर्चबियरर' ऑनलाइन रिले गतिविधि शुरू की गई थी।

# विधायक मुरैना राकेश मावई ने किया विधायक कप प्रतियोगिता का शुभारंभ

मुरैना। पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में मुरैना विधायक राकेश मावई ने विधायक कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता कार्यकम का शुभारंभ कर सभी टीमों व खिलाडिड़ों से मिलकर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों को संबोधित करते विधायक मावई ने कहा कि खेल जीवन का अनिवार्य हिस्सा है, इससे हमारा तन मन स्वस्थ रहता है एवं हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार होता है। हमारे जीवन का सबसे पुराना खेल वॉलीबॉल हमारे बच्चे खेलने जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य विधानसभा के बालक-बालिकाओं के लिए खेल की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराना जिससे कि वे आगे बड़े मुरैना जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। विधायक मावई ने कहा कि यह चुनावी साल है दो-तीन महीने के अंदर चुनाव होना है। अगर आप लोगों ने मुझे फिर से द्वारा विधायक के रूप में चुनाव तो मैं आप सभी को भरोसा दिलाता हूं कि बड़े से बड़ी खेल प्रतियोगिता विधानसभा मुरैना के इस शहर मुरैना में कराई जायेगी। विधायक मावई ने बताया कि इससे पहले भी यहां खेल प्रतियोगिताएं हो चुकी है खिलाडिड़ों की सुविधा को देखते हुए खेल अधिकारी ने मुझे अवगत कराया कि यहां एक मिनी स्टैंड होना चाहिए, जिससे हमारे खिलाडियों को बैठने आराम करने और जनमानस को खेल प्रतियोगिता देखने की सुविधा मिले। इसलिए इस सुविधा को देखते हुए खिलाड़ियों को हमने मिनी स्टेण्ड की सौगात दी। इसके साथ हमने ओपन जिम की भी सौगात दी है। कार्यक्रम में विधानसभा मुरैना क्षेत्र के शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमराज मुदगल, विधायक के बड़े भाई विधायक प्रतिनिधि रविंद्र सिंह मावई, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेश छावई, विधायक मीडिया प्रभारी महासचिव मप्र कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग सुरेंद्र सिंह बरेलिया, प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग नरेंद्र सोलंकी और जनाब अनवर खान, संभागीय खेल अधिकारी प्रशांत सिंह कुशवाह, नरेंद्र सिंह तोमर, योजना प्रभारी जीतेंद्र कुमार शुक्ला,रामचंदर तोमर, श्याम सिकरवार, शिक्षा विभाग के रुस्तम सिंह राजपूत सहित आदि खेल अधिकारी, कांग्रेस पदाधिकारी, ऊर्जावान कार्यकर्ता व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। विधायक कप के अवसर पर अन्य जनपद निधि एवं शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारी कर्मचारी व खेल प्रेमी और दर्शक मौजूद रहे।



# मलाइका अरोड़ा दिखीं सुपरहॉट

बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्ड फिगर से फैंस को हैरान कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में हॉट फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं। बॉलीवुड के हैंडसम हंक एक्टर अर्जुन कपूर की गर्लफ्रेंड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा आए दिन अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटोरती रहती हैं। उनकी हर एक फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का सेक्सी आउटफिट देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। मलाइका अरोड़ा ने व्हाइट कलर की ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। मिनिमल मेकअप, बालों का बन बनाकर और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों को क्लिक करवाते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। बताते चलें कि मलाइका अरोड़ा 49 साल की हैं। लेकिन आज भी अपनी फिटनेस से स्टार किड्स को मात देती हैं।

# फिल्म फुकरे 3 का ट्रेलर रिलीज

वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा स्टार फुकरे 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस के बेनर तले बनी फिल्म 'फुकरे-3' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।



फिल्म में पुलकित सम्राट, मनजोत सिंह, वरुण शर्मा की जोड़ी सबको हंसाएगी। ऋचा चड्ढा भी बोली पंजाबन बनकर लौट आई हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी कॉमेडी का जबरदस्त तड़का लगाते हुए नजर आए।फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी से भरपूर है। मृगदीप सिंह लांबा के निर्देशन में बनी फुकरे वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में पुलकित सम्राट, अली फजल, ऋचा चड्ढा, प्रिया आनंद, मंजोत सिंह, वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी जैसे कई सितारे लीड रोल में थे। फुकरे के 04 साल बाद 2017 में फुकरे रिटर्न रिलीज हुई थी। अब पूरे 05 साल बाद फिल्म का तीसरा पार्ट रिलीज हो रहा है। हालांकि इस पार्ट में अली फजल नजर नहीं आएंगे।'फुकरे-3' 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# यारियां 2 का गाना 'सिमरूं तेरा नाम' रिलीज़

बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार की आने वाली फिल्म यारियां 2 का गाना 'सिमरूं तेरा नाम' रिलीज़ हो गया है। सचेत टंडन द्वारा गाया गया 'सिमरूं तेरा




नाम मनन भारद्वाज द्वारा लिखा और कंपोज किया गया हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत ,टी-सीरीज़ फिल्म्स और राव और सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, मीजान जाफरी पर्ल वी पुरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन और प्रिया वारियर की अहम भूमिका है।



# जान्हवी कपूर 'द हिमालयन फिल्म फेस्टिवल' में नजर आएंगी

जान्हवी कपूर, विक्रम आदित्य मोटवाने और अमित शर्मा जैसी बॉलीवुड हस्तियां समेत कई अन्य लोग द हिमालयन फिल्म फेस्टिवल (टीएचएफएफ) के दूसरे एडिशन में भाग लेते और मास्टरक्लास देते नजर आएंगे। टीएचएफएफ 29 सितंबर से 3 अक्टूबर तक होने वाला है। जान्हवी ने कहा, हिमालयन फिल्म महोत्सव हिमालयी क्षेत्रों के फिल्म निर्माताओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और उद्योग विशेषज्ञों से सीखने का एक शानदार तरीका है। यह महोत्सव दर्शकों को विभिन्न प्रकार की फिल्में देखने और देशभर के फिल्म निर्माताओं के साथ बातचीत करने का अवसर भी प्रदान करेगा मोटवाने, जिनकी वेबसीरीज 'जुबली' महोत्सव के दौरान प्रदर्शित की जाएगी और जो एक मास्टरक्लास में भाग लेंगे, ने कहा: ?जितना अधिक हम सिनेमा को देश के विभिन्न कोनों में ले जाएंगे, उतना ही यह सभी के लिए बेहतर होगा। फेस्टिवल की पेशकशों में स्क्रीनराइटर लेब, शॉर्ट फिल्म कम्पीटिशन, फोटोग्राफी वर्कशॉप और मास्टरक्लास शामिल हैं, जो भारतीय फिल्म उद्योग के प्रोफेशनल्स द्वारा क्यूरेट किए गए हैं। इसके अलावा फेस्टिवल में पांच दिनों की अवधि में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों की सीरीज भी शामिल है। अन्य, जो टीएचएफएफ के दूसरे एडिशन में भाग लेंगे, वे हैं रीमा दास, और डोमिनिक मेगम संगमा और केनी देवरी बसुमतारी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के प्रशासन, आयुक्त/सचिव, सूचना, पद्मा एंग्मो ने टीएचएफएफ के दूसरे एडिशन के बारे में बात करते हुए कहा: ?फेस्टिवल के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य स्थानीय लद्दाखी फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्में प्रदर्शित करने, स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, उनकी क्षमता का निर्माण करने, उन्हें विशेषज्ञों और बाजार से जोड़ने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह एक छोटा समुदाय है, लेकिन बहुत सक्रिय और रचनात्मक है। फ़ोटोग्राफी वर्कशॉप का संचालन कर रहे अचल मिश्रा ने कहा: ?मुझे खुशी है कि हिमालयन फ़िल्म फेस्टिवल लद्दाख के लिए ऐसा ही कर रहा है, एक ऐसी जगह जो मुझे बेहद पसंद है और जो पिछले 5-6 सालों से मेरा दूसरा घर रहा है।

# संजय मिश्रा की गुठली लड्डू का टीजर जारी

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता संजय मिश्रा ने कुछ दिन पहले अपनी नई फिल्म का ऐलान किया था, जिसमें नाम गुठली लड्डू रखा गया है। अब निर्माताओं ने शिक्षक दिवस के खास मौके पर गुठली लड्डू का टीजर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी शिक्षा के



अधिकार पर आधारित है। इसमें संजय स्कूल के प्रधानाचार्य (प्रिंसिपल) की भूमिका निभा रहे हैं, जो फिल्म में एक होशियार बच्चे की शिक्षा के अधिकार की लड़ाई लड़ता है। फिल्म गुठली लड्डू शिक्षा के अधिकार जैसे मुद्दे के साथ-साथ सामाजिक भेदभाव की भी बात करती हैं। यह फिल्म सामाजिक परिवर्तन की ओर एक साहसिक पहल है। गुठली लड्डू 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इस फिल्म में संजय के अलावा सुब्रत दत्ता, धनय शेठ, कल्याणी मुले, कंचन पगारें, अर्चना पटेल, आरिफ शहडोली और संजय सोनू की मुख्य भूमिकाएं हैं।फिल्म का निर्देशन इशरत आर खान ने किया है। गुठली लड्डू प्रदीप रंगवानी द्वारा निर्मित है।

# जसकरन सिंह बने केसीबी सीजन 15 के पहले करोड़पति

सोनी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 का मंगलवार को जसकरण सिंह के तौर पर पहला करोड़पति मिल गया। जसकरण पंजाब प्रांत में एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इक्कीस वर्षीय जसकरण प्रतिदिन दो घंटे तक सफर करके अपने कॉलेज जाते हैं क्योंकि वे शिक्षा के महत्व को जानते हैं। घर वापस आकर वह कॉलेज की पढ़ाई, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और केबीसी की तैयारियों में संतुलन बनाए रखते हैं। उनकी सारी मेहनत और समर्पण तब फलीभूत हुई, जब जसकरण ने खुद को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने बैठा पाया। केबीसी के गौरवशाली मेजबान जसकरण द्वारा शो में लाए गए महत्वाकांक्षा और साहस के बवंडर से मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सके। जसकरण ने मंच पर, उत्साह और भावनाओं के बीच खुलासा किया कि कैसे उनका परिवार उन्हें शिक्षा का उपहार देने के लिए उनके साथ खड़ा रहा, जिसका बदला वह अब केबीसी में मिली शानदार सफलता से चुकाना चाहते हैं। अदम्य भावना से लेस, इस युवा फायरब्रांड ने स्पष्टता के साथ घोषणा की कि उनकी यात्रा दृढ़ता से भरी थी, हमें याद दिलाया कि सीखने का असली रोमांच स्कूल की दीवारों से परे ही शुरू होता है।



जसकरण के सपने सिर्फ एक करोड़ रुपये जीतने तक ही सीमित नहीं है क्योंकि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा,केबीसी अध्ययन सत्र से लेकर एक करोड़ रुपये का चेक पकड़ने तक की छलांग परिवर्तन का प्रतीक है। इसके लिए मैं अमिताभ बच्चन सर को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। उन्होंने मुझे अपने जीवन के सबक दिए, जिन्होंने मुझे सोच-समझकर जोखिम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। मेरे परिवार का भी आभार, जिनके अटूट समर्थन और सलाह ने मुझे हॉटसीट तक पहुंचाया।

उन्होंने कहा, यह जीत एक बड़ी महत्वाकांक्षा की प्रस्तावना है। मैं एक आईएएस अधिकारी के रूप में हमारे देश की सेवा करना चाहता हूं। जैसे-जैसे मैं आगे देखता हूं, मुझे इन जीतों का दोहरा उद्देश्य दिखाई देता है - पारिवारिक खुशी सुनिश्चित करना और उन स्थानों की खोज के लिए धन जुटाना जहां मैंने अध्ययन किया है। यह सिर्फ एक पुरस्कार नहीं है, यह मेरे भविष्य को आकार देने का मौका भी है।"

बहुरंग

# इंडियन आइडल में जज बनें कुमार शानू



बॉलीवुड के जानेमाने पार्श्वगायक कुमार सानू इंडियन आइडल में जज की भूमिका में नजर आयेंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का बहुचर्चित गायन रियलिटी शो, इंडियन आइडल, एक नए सीज़न के लिए लौट रहा है, जिसमें कुमार शानू प्रतिष्ठित जज श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी के साथ जजों के पेनल में शामिल होंगे। कुमार सानू ने कहा, इंडियन आइडल देश के सबसे प्रतिष्ठित गायन रियलिटी शो में से एक है, जो महत्वाकांक्षी गायकों को परफॉर्म करने और अपने कौशल और गायन के क्षेत्र में अपने लिए एक अलग पहचान स्थापित करने के लिए एक मंच देता है। उस यात्रा का हिस्सा बनना वाकई खुशी की बात है, जिसमें उभरती प्रतिभाएं अपनी क्षमता का प्रदर्शन करती हैं और भारतीय संगीत जगत का हिस्सा बनने के अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाती हैं। कुमार सानू ने कहा, मैं पहले भी कई बार शो में अतिथि रह चुका हूं, लेकिन जज की भूमिका निभाना एक नया रोमांच है जिसका मैं इंतजार कर रहा हूं। अक्सर कहा जाता है कि संगीत हमें भावनात्मक स्तर तक पहुंचाता है, जहां अकेले शब्द कम पड़ जाते हैं।

दिलचस्प

# फिल्म मिशन रानीगंज 5 अक्टूबर को होगी रिलीज!



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज 05 अक्टूबर को रिलीज हो सकती है। अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल के जीवन से प्रेरित है। गिल ने 1989 में रानीगंज कोलफील्ड्स में 64 लोगों को बचाया था। फिल्म में अक्षय कुनमार जसवंत सिंह का किरदार करते नजर आएंगे। फिल्म का नाम सबसे पहले 'केप्सूल गिल' रखा गया था। बाद में नाम बदलकर 'द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू' रखा गया। अब फिल्म का नाम फिर से बदलकर 'मिशन रानीगंज' रखने का फेसला लिया गया है। अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज 05 अक्टूबर को रिलीज हो सकती है।

# शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म 'जवान' रचेगी इतिहास

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' इस वक्त चर्चा में है। 'पठान' की सफलता के बाद फैंस उनकी फिल्म 'जवान' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और दर्शकों को शाहरुख खान का अलग-अलग लुक काफी पसंद आया है। अब इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इस फिल्म ने प्रदर्शन से पहले ही अच्छी कमाई करनी शुरू कर दी है।

'जवान' की एडवांस बुकिंग इसी शुक्रवार से शुरू हो गई है। इस बारे में शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। शाहरुख के फैंस और सिने प्रेमी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा शाहरुख खान के अलग-अलग फेन क्लब भी इस फिल्म के अलग-अलग शो आयोजित कर रहे हैं। 'बुक माय शो' की रिपोर्ट के मुताबिक,



देशभर में जवान के 75 लाख टिकट बेचे गए हैं।

जवान को उत्तर भारत में 5000 स्क्रीन्स मिली हैं जबकि देशभर में फिल्म 5500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी। इतना ही नहीं, इस मौके पर कुछ बंद पड़े सिंगल स्क्रीन थिएटर भी दोबारा खुलते नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर इस तस्वीर को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि शाहरुख खान की 'जवान' भारत में पहले दिन 60 से 70 करोड़ रुपये की कमाई करेगी। अगर ऐसा हुआ तो 'जवान' यह रिकॉर्ड हासिल करने वाली पहली फिल्म बन सकती है। फिल्म समीक्षक और ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने भी हिंदी फिल्मों को लेकर सकारात्मक बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'वर्तमान समग्र स्थिति हिंदी फिल्मों के लिए सकारात्मक है। जो लोग सोचते थे कि हिंदी सिनेमा खत्म हो गया है, उनके लिए यह एक गरिमापूर्ण उत्तर है। बॉलीवुड फिल्में देखने के लिए लोग सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। यह इस समय हिंदी फिल्मों के लिए स्वर्णिम युग है।' 'जवान' का निर्देशन एटली ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा, रिद्धि डोगरा, दीपिका पादुकोण और सुनील ग्रोवर नजर आएंगे। 'जवान' दुनिया भर में 7 सितंबर को रिलीज होगी।

## एक नजर...

### शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थान लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय खेल संस्थान, जीवाजी विश्वविद्यालय व अन्य महाविद्यालयों में जाकर प्रबुद्ध शिक्षकों को पौधायुक्त गमला भेंट कर किया सम्मानित





ग्वालियर। दिनांक 05.09.2023 को शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल ग्वालियर द्वारा श्री खलील अहमद, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक के निर्देशन में ग्वालियर शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थान लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय खेल संस्थान, जीवाजी विश्वविद्यालय, गजरा राजा मेडिकल कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा मान सिंह संगीत महाविद्यालय में जाकर प्रबुद्ध शिक्षकों को पौधायुक्त गमला भेंट कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी स्थापना के 67 सफल वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में 1सितंबर से 7 सितंबर के मध्य बीमा सप्ताह मना रहा है। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में शहर के सभी पार्षदों को उनके निवास पर जाकर पौधायुक्त गमले प्रदान कर सम्मानित करना, अस्पताल परिसर एवं सिरोल पहाड़ी पर पौधारोपण, ग्राहक संगोष्ठी, स्कूलों में छात्रों को चित्रकला, निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि शामिल रहे। दिनांक 6 सितंबर को स्वास्थ्य शिवर व 7 सितंबर को कार्यक्रम का समापन हुआ। ग्वालियर मण्डल के अधीन सभी शाखाओं में भी ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाखाओं में 4 सितंबर को अभिकर्ताओं का शाही सम्मान भी किया गया।

## मझगवा ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष शिव कुमार पांडे का धूम धाम से मनाया गया जन्मदिन

सतना जिले के मझगवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत किटहा सरपंच शिव कुमार पांडे का जन्म दिन धूम धाम से मनाया गया आज



आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भी मनाया जा रहा है शिव कुमार पांडे एक मिलन सार सरपंच है साथ में सामाजिक कार्य में भी बड़ चढ़ कर हिस्सा लेते है ग्राम पंचायत किटहा के विकास में सदा तत्पर रहते है जन्म दिन की बधाई देने में निरंजन जैसवाल संतोष गौतम भाजपा मंडल अध्यक्ष जैतवारा अशोक बंसल जन भागीदारी अध्यक्ष जैतवारा रामलखन डोहर दिनेश त्रिपाठी योगेंद्र द्विवेदी डॉ राज किशोर विश्वकर्मा रामनारायण द्विवेदी राजेश कुमार तिवारी सारदा प्रसाद तिवारी गंगा प्रसाद शुक्ला बिष्णु पांडे पिंटू पांडे राकेश रामू पांडे कमल नयन पांडे जेडी त्रिपाठी सहित बधाई देने में भारी लोगों का तांता लगा रहा।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन ट्रेन आज होगी रामेश्वरम के लिए रवाना

रीवा। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को एक




तीर्थ की यात्रा निःशुल्क कराई जाती है। इस योजना के तहत तीर्थयात्रियों को भोजन, आवास, नाश्ते, पानी आदि की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। तीर्थदर्शन योजना के तहत 8 सितम्बर को तीर्थदर्शन ट्रेन प्रातः 11 बजे रीवा रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम के लिए रवाना होगी। सभी तीर्थयात्री प्रातः 9 बजे तक रेलवे स्टेशन पहुंचकर अपने टिकट तथा परिचय पत्र प्राप्त कर लें। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन में अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहेंगे। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मार्थ संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा ने बताया कि 200 तीर्थयात्री रामेश्वरम की तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं। यात्रियों की सुविधा एवं समन्वय के लिए एपीओ जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान जेएन श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके साथ अंगरक्षक भी तैनात किए गए हैं। तीर्थयात्रा में शामिल वरिष्ठ नागरिक मौसम के अनुकूल कपड़े, दवाएं तथा दैनिक उपयोग की सामग्री अपने साथ अवश्य ले चलें। तीर्थदर्शन ट्रेन 13 सितम्बर को वापस रीवा लौटेगी।

## भारत जोड़ो पदयात्रा के एक बर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली पदयात्रा



भिण्ड । कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो पदयात्रा एक वर्ष पूर्व प्रारंभ की थी भारत जोड़ो पदयात्रा के प्रारंभ होने के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला और शहर कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा सिटी कोतवाली के सामने से शहर के मुख्य मार्ग होते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भीम नगर तक पदयात्रा का आयोजन किया। पदयात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर कुरैशी, जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह,शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा,रामप्रकाश यादव,रामहर्ष सिंह कुशवाह,इरशाद अहमद,निश्चल शर्मा बॉबी,राहुल सिंह भदौरिया,संदीप मिश्रा,संतोष त्रिपाठी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साईंशा फाउंडेशन द्वारा नेत्रहीन विद्यालय में मनाई गयी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. महेश प्रसाद श्रीवास्तव की 111वीं जयंती

### देश की आजादी के लिए दो बार जेल यातनाएं सहने वाले महेश बाबू का स्मरण करना हमारी जिम्मेदारी है: अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह

रीवा। भारत के प्रथम प्रधामंत्री पं जवाहरलाल नेहरू के निकटतम सहयोगी एवं विंध्य क्षेत्र के प्रखर स्वंतत्रता संग्राम सेनानी स्व. बाबू महेश प्रसाद श्रीवास्तव की 111वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था साईंशा फाउंडेशन द्वारा यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन विद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर रीवा शैलेन्द्र सिंह रहे जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव ने की! जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला नेत्री कविता पांडेय एवं महेश बाबू स्मृति समिति के अध्यक्ष इंजी. वशिष्ठ मुनि शर्मा उपस्थित रहे! कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता वरिष्ठ इतिहासकार असद खान उपस्थित रहे! कार्यक्रम का संचालन साईंशा फाउंडेशन के सचिव सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया! कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के जिन महत्वपूर्ण लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये उनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कवि रामसुंदर द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद भट्ट, वरिष्ठ कहानीकार ओमप्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी रमाकांत तिवारी, समाजवादी नेता नत्थू लाल सेन, दशहरा उत्सव समिति के सचिव सुरेश विश्नोई, कवि जानकी प्रसाद पांडेय, समाड़सेवी मनोज गौतम, हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन की अध्यक्ष तमन्ना अंसारी, अभ्युदय उपकार फाउंडेशन की अध्यक्ष अनामिका शुक्ला, युवा एकता कल्याण संघ के अध्यक्ष राजराड़न पटेल, प्रयास रक्तदान सेवा संगठन के अध्यक्ष अवनीश तिवारी, आनंद निकेतन विद्यालय के संचालक अर्जुन सिंह एवं शिवाजी सेना के जिलाध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता शामिल है!

सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने आजादी के आंदोलन के अमर योद्धा महेश बाबू के चित्र पर माल्यार्पण एवं चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया! तत्पश्चात महेश बाबू के सानिध्य में रहे आकाशवाणी के पूर्व अधिकारी एवं समाजसेवी महेश सक्सेना को महेश बाबू स्मृति सम्मान प्रदान किया गया और कार्यक्रम के अतिथियों ने उन्हें शॉल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया! आजादी के आंदोलन में महेश बाबू की भूमिका÷ विषय पर आयोजित




व्याख्यान माला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर रीवा शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि- ÷आजादी के अमृत महोत्सव पर आवश्यकता है कि उन शहीदों, क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की गाथाएँ भी सुनाई जाए जिनके शौर्य और बलिदान से आज की युवा पीढ़ी अनभिज्ञ है! देश को आजाद कराने में विंध्य क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा! जहां महेश बाबू जैसे स्वतंत्रता सेनानी हुए जिन्होंने आजादी के आंदोलन में दो दो बार 1931 और 1942 में जेल यात्रा की, यातनाएं सही और मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया! ऐसे राष्ट्रभक्त की जयंती मनाना संपूर्ण समाज का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ इतिहासकार असद खान ने कहा कि- ÷मैंनें बहुत करीब से महेश बाबू को देखा है! मैं ड़ब भी उनके नरेन्द्र नगर वाले घर जाया करता था उनको गौर से देखता था! सादगी भरा उनका परिधान था और उनका व्यक्तित्व भी सरल, सहज, सुलभ था! आजादी के आंदोलन के जो मूल्य थे सच्चाई, ईमानदारी, देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति निष्ठा व समर्पण के भाव, ये सारे गुण महेश बाबू में विद्यमान थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी एवं मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव ने कहा कि- ÷व्याख्यान माला में जो विचार निकल कर आए है उसमें अमल किया जाएगा! महेश बाबू के ऊपर केंद्रित स्मारिका का प्रकाशन व विमोचन भी किया जायेगा साथ ही सार्वजानिक स्थान पर महेश बाबू की प्रतिमा लगाए जाने का जो प्रस्ताव है वो संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि महिला नेत्री कविता पांडेय ने कहा कि- आज की युवा पीढ़ी देश के क्रांतिकारियों, महापुरुषों और शहीदों को भूलती जा रही है! ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें भी पता चलेगा कि किनके बलिदानों से इस देश को स्वतंत्रता मिली। कवि जानकी प्रसाद पांडेय ने महेश बाबू को अपनी श्रद्धांजलि इन शब्दों में दी-

ये धरती याद रखेगी गगन याद रखेगा
वतन पे मरने वालों को वतन याद रखेगा

वरिष्ठ कवि रामसुन्दर द्विवेदी ने अपने मनोभाव कुछ इन पंक्तियों में व्यक्त किये-

बदलो अपने को तुम ईर्ष्या का दमन कर दो
संघर्ष करो इतना शूलों को सुमन कर दो÷

युवा कवि राजराखन पटेल ने इन पंक्तिययों के माध्यम से अपने विचार रखे-

सुन ले युवा राष्ट्र विधाता मैं तुझसे कुछ कहने आया हूँ
मैं राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति का पाठ पढ़ाने आया हूँ

व्याख्यान माला में जिन महत्वपूर्ण लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की उनमें प्रमुख रूप से संविदाकार सचिन तिवारी बॉबी, वर्धमान निगम, अनंत माधव सिंह, छायाकार अफजल आड़ताब, अनिमेष सोमन, आशीष वर्मा, उदित गर्ग, संतोष नामदेव, शेषमणि शुक्ला, विनोद पटेल, दुर्गेश दुबे, गिरिजा प्रसाद वर्मा, मनोज चड्ढा, आशीष कुमार निगम, लाल मोहम्मद अंसारी, मनोज नामदेव, रवि करण सिंह, ज्योत्सना श्रीवास्तव, शैलबाला सिंह, नीरा सिंह, शालिनी निगम, निकिता सिंह एवं सुयश सिंह आदि शामिल है! कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन साईंशा फाउंडेशन के अध्यक्ष साकेत श्रीवास्तव ने व्यक्त किया!

# रीवा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा की मनाई गयी, पहली वर्षगांठ

रीवा। जिले में गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ के रूप में मनाई गयी, आज ही के दिन हमारे प्रिय नेता श्री राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी, जो हमारे देश के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक कि



सबसे लम्बी पदयात्रा है, श्री राहुल गांधी जी द्वारा 4081 किलोमीटर, 12 राज्यो, और 02 केन्द्र शासित प्रदेशों, 75 जिलों, व लोकसभा क्षेत्रों की 136 दिनां की यात्रा ने लोगो के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी। लाखों लोग प्रेम और एकता के प्रति श्री राहुल गांधी जी की भक्ति और धर्म सामुदाय, जाति, आदि की परवाह किये बिना हर भारतीय को एकजुट करने उनके अटूट भावना से मंत्र मुग्ध हुए उनकी विचारशील पहल समय की मांग की जिसने मूल रूप से हमारे देश में राजनीति की दिशा बदल दी, और करोड़ों लागों को भारत की एकता एवं अखण्डता के साथ जोड़ने का यात्रा के माध्यम से श्री राहुल गांधी जी ने कार्य किया एवं प्रेम सद्भावना की एक नई परम्परा की शुरूआत की। भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा स्थानीय शिल्पी प्लाजा चौराहे से आरंभ होकर कला मंदिर, अस्पताल चौराहा से प्रकाश चौराहा, स्टेच्यु चौराहा, सॉई मंदिर, होते हुए मृग्नयनी चौराहे में आम सभा के रूप में भारत जोड़ो पदयात्रा का समापन हुआ। इस आयोजित पदयात्रा में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल, महापौर अजय मिश्रा बाबा, शहर कार्यकारी अध्यक्ष वसीम राजा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार प्रहलाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रामगरीब बनवासी, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती कविता पाण्डेय, शिव प्रसाद प्रधान, के.के. गुप्ता, संगठन मंत्री सज्जन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मुस्ताक खान, रफीक अंसारी, नरेश गुप्ता, श्याम सिंह, कुलवंत सिंह, पार्षद धनेन्द्र सिंह, पार्षद अशोक पटेल झब्बू, सहफुज खान, अमृतलाल मिश्रा, आई.टी.सेल. अध्यक्ष तनवीर अहमद खान, गुले अहमद, मकदूम खान, मनमोहन सिंह, जय सिंह, लियाकत अली, रवि बहादुर सिंह, मजिद खान, रामकृष्ण ताम्रकार, राजेश नामदेव, राजेश मिश्रा बब्बू, चंचल द्विवेदी, प्रेमलाल विश्वकर्मा, अर्चना द्विवेदी, सत्या द्विवेदी, विजयलक्ष्मी मिश्रा, संध्या द्विवेदी, अमित चतुर्वेदी, श्याम निरंकारी, राजेश बंसल, अमित द्विवेदी बेटू, दिनेश सेन, राजेन्द्र तिवारी, सुरेश वर्मा, नूर अफजल, केशव वर्मा, रामस्वरूप झंझोट, सतेन्द्र साकेत, आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## भगवान विष्णु ने श्री कृष्ण के रूप में लिया आठवां अवतार, जन्म लेते ही हुई थी आकाशवाणी: भगवान श्री कृष्ण जन्ड़माष्ड़टमी व्रत कथा सुनने से ही हो जाता पापों का अंत.!!





राधा कृष्ण मंदिर वॉर्ड नंबर 04 चोरहटा

विश्व में भगवान श्री कृष्ण का जन्म मथुरा के उग्रसेन राजा के बेटे कंस का वध करने के लिए हुआ था द्य पौराणिक कथाओं के अनुसार द्वापर युग में मथुरा के उग्रसेन राजा के बेटे कंस ने उन्हें सिंहासन से उतार कर कारागार में बंद कर दिया था और खुद को मथुरा का राजा घोषित कर दिया था द्य राजा की एक बेटी और एक बेटा था द्य बेटा कंस और बेटी देवकी द्य देवकी का विवाह वासुदेव के साथ तय कर दिया गया और बड़ी धूम-धाम के साथ वासुदेव के साथ उनका विवाह कर दिया गया द्य लेकिन जब कंस देवकी को हंसी-खुसी रथ से विदा कर रहा था, उस समय आकाशवाणी हुई की, देवकी का आठवां पुत्र ही कंस का वध करेगा। आकाशवाणी सुनकर कंस की रुह कांप गई और वह घबरा गया द्य आकाशवाणी के बाद कंस ने बहन देवकी की हत्या करने की ठान ली लेकिन उस दौरान वासुदेव ने कंस को समझाया कि देवकी को मारने से क्या होगा द्य देवकी से नहीं, बल्कि उसको देवकी की आठवीं संतान से भय है द्य वासुदेव ने कंस को सलाह दी कि जब हमारी आठवीं संतान होगी तो हम अपाको सौंप देंगे द्य आप उसे मार देना, कंस को वासुदेव की ये बात समझ आ गई लेकिन वासुदेव और देवकी को कंस ने कारागार में कैद कर लिया। जन्म के समय यूं हुए चमत्कार-देवकी और वासुदेव की सात संतानों को कंस मार चुका था द्य अब आठवां बच्चा होने वाला था द्य आसमान में घने बादल छाए थे द्य तेज बारिश हो रही थी, बिजली कड़क रही थी और भगवान श्री कृष्ण का जन्म लेने वाले थे द्य रात्रि ठीक 12 बजे कारगार के सारे ताले अपने आप टूट गए और कारगार की सुरक्षा में लगे सभी सैनिक गहरी नींद सो गए द्य उसी समय वासुदेव और देवकी के सामने भगवान श्री विष्णु प्रकट हुए और उन्हें कहा कि वे देवकी के गर्भ से आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेंगे द्य इतना ही नहीं, भगवान विष्णु ने कहा कि वे उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां छोड़ आएं और वहां अभी-अभी जन्मी कन्या को कंस को लाकर सौंप दें द्य वासुदेव ने भगवान विष्णु के बताए अनुसार ही किया द्य गोकुल से लाए कन्या को कंस को सौंप दिया द्य कंस ने जैसे ही कन्या को मारने के लिए हाथ उठाया, कन्या आकाश में गायब हो गई और आकाशवाणी हुई कि कंस जिसे मारना चाहता है वे तो गोकुल पहुंच चुका है द्य ये आकाशवाणी सुनकर कंस और घबरा गया द्य कृष्ण को मारने के लिए कंस ने बारी-बारी से की राक्षस गोकुल भेजे लेकिन कृष्ण ने सभी का वध कर दिया आखिर में श्री कृष्ण ने कंस का भी वध कर दिया।

# मप्र में प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी भाजपा की सरकार : केपी यादव

भिण्ड । गुना - शिवपुरी सांसद के.पी. यादव अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के भाजपा कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी पहुंचे जहां भाजपा जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने अंग वस्त्र उड़कर उनका स्वागत करते हुए अगवानी की। भाजपा के वरिष्ठ नेता सांसद केपी यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यालय पर कहा है मिशन 2023 में प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने जा रहा है कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ अपने बूथ को जीतने का संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा युवाओं महिलाओं किसने के साथ झूठ बोलकर उनके वोट राजनीति की जो कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के विकास की बात करती रही उसने हमेशा विश्वास घात कर समाज को विकास की कोशिशें से दूर रखा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में सबका साथ सबका विश्वास और सब का विकास यह मूल मंत्र है इसी भाव को लेकर के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विचारधारा से लेकर गरीब कल्याण के लिए योजना बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वपूर्ण महिलाओं के लिए योजना लाडली बहन योजना से मध्य प्रदेश में काफी बदलाव हुआ है और हमारी महिला बहुत उत्साहित है




और यही हमारा चुनाव जीतने का मुख्य आधार बनेगी। कहां की ग्वालियर चंबल संभाग में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। सांसद केपी यादव ने भाजपा जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी पहुंचकर पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया के साथ किया और उसमें जल्द दान भी दिया और उन्होंने कहा कि पर्यावरण ही हमारे लिए अति आवश्यक है जो हमें आक्सीजन प्रदान करती है और भी लोगों को पेड़ लगाने की उन्होंने प्रेरणा दी। भाजपा जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक मनोज अनंत, जिला मंत्री डॉक्टर तरुण शर्मा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा धर्मेंद्र सिंह राजावत, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अतुल पाठक, कार्यालय मंत्री रोहित शाक्या, सोशल मीडिया प्रभारी मोनू नरवरिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरजीत यादव अमित यादव तीर्थ नारायण शर्मा अनिल रघुवंशी अरुण अग्रवाल संदीप यादव शुभम यादव अजीत यादव प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478